

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-11 अंक:224 ता. 02 मार्च 2023, गुरूवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के आवास पर चला बुलडोजर, दोनों रास्ते सील

**प्रयागराज।** प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबियों पर एक्शन चल रहा है। प्रयागराज में अतीक के करीबियों पर बुलडोजर चल रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण अवैध संपत्ति पर कार्रवाई कर रहा है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना इलाके के कालिंदीपुरम कसारी मसारी में यह कार्रवाई चल रही। मौके पर भारी फोर्स मौजूद है। पीडीए के अफसर मौके पर हैं।

चकिया कसारी मसारी स्थित शाइस्ता परवीन के आवास पर पीडीए का बुलडोजर कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान कई थानों की फोर्स आरएएफ के जवान और पीडीए के कर्मचारी मौजूद हैं। कार्रवाई के दौरान रास्ते को दोनों तरफ से सील कर दिया गया है। इस दौरान किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है। घर से पीडीए के कर्मचारियों ने समान बाहर निकाल दिया है।

विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के मामले में शाइस्ता परवीन, अतीक अहमद, इनके पुत्रों और अतिक के भाई अशरफ समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उमेश पाल हत्याकांड में नामजद अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन फरार है। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। चकिया में वह अपनी जिस बहन के घर रहती हैं, वहां से वह घटना के दूसरे दिन ही निकल गईं थीं। उसके पास से शाइस्ता का कुछ पता नहीं है। इस मामले में अफसरों का कहना है कि नामजद सभी लोगों की तलाश की जा रही है। शाइस्ता भी उनमें से एक हैं। आपको बता दें कि उमेश पाल की हत्या में नामजद गुड्डू मियां, 22 साल पहले एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में खोराबार थाने से जेल जा चुका है। उसकी



गिरफ्तारी बिहार के बेउर जेल के सामने से हुई थी। वहां एक बड़े नेता के हत्या की सुपारी लेने गया था। जेल के बाहर से तत्कालीन एसओजी प्रभारी ओपी तिवारी ने गुड्डू और सुल्तानपुर के उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था।

उस समय पूछताछ में सामने आया था कि बेउर जेल में बंद गोरखपुर के बदमाश ने गुड्डू को पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसी बड़े नेता की हत्या की सुपारी दी थी। इसी सिलसिले में उससे मिलने बेउर जेल आया था। बाद एसओजी टीम को यह भी पता चला कि गुड्डू कुख्यात श्रीप्रकाश शुक्ला का खास गुर्गा रह चुका है। पश्चिम में श्रीप्रकाश के साथ गुड्डू ने कई आपराधिक मामलों को अंजाम दिया था। तत्कालीन पूछताछ टीम में शामिल सूत्र के मुताबिक, गुड्डू मियां ने बताया था कि उसके गिरोह के सभी बदमाश अब मारे जा चुके हैं। वह अकेला बचा है। आपको बता दें कि चर्चित बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की शुक्रवार शाम स्वचालित हथियार से गोली मार कर हत्या कर दी गई। उनकी सुरक्षा में लगे दो गनर भी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शुक्रवार की शाम 5-15 बजे उस वक्त हुई जब उमेश जिला कचहरी से कार से धूमनगंज स्थित अपने घर पहुंचे थे। घटना के बाद हमलावर बाइक से भाग निकले थे। सुरक्षा में तैनात गनर संदीप निषाद की भी उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे गनर राघवेंद्र सिंह की हालत नाजुक बनी हुई है। शहर पश्चिम के विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को धूमनगंज इलाके में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके रिश्तेदार और दोस्त उमेश पाल मुख्य गवाह थे। उमेश ने लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में राजू पाल हत्याकांड की पैरवी की थी। इसी कारण अतीक गिरोह से उनकी खुलेआम दुश्मनी हो गई थी। मामले में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

### हिरासत में अतीक का करीबी नफीस, रेस्टोरेंट मालिक की बेची कार से ही दिया था वारदात को अंजाम

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में सिविल लाइंस में बीएचएस के पास अतीक के करीबी और ईट आन रेस्टोरेंट के मालिक नफीस बिरयानी उर्फ नफीस अहमद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। जिस कार से शूटरों ने वारदात को अंजाम दिया था, वह नफीस की ही थी लेकिन कुछ महीने पहले उसने जीटीबी नगर की रुखसार को बेच दिया था। घटना के बाद से रुखसार भी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। उमेश पाल की हत्या में प्रयुक्त कार पुलिस ने चकिया में अतीक के घर के पास से बरामद की थी। कार पर नंबर नहीं था। गाड़ी की चेसिस और इंजन नंबर से पता चला कि गाड़ी इस वक्त जीटीबी नगर करेली के रहने वाले निसार अहमद की पत्नी रुखसार के नाम पर है। मूल रूप से यह गाड़ी ईट आन रेस्टोरेंट के मालिक नफीस बिरयानी की थी।

### श्रीनगर से कन्याकुमारी: एशिया की सबसे लंबी अल्ट्रा साइकिल रेस का हुई शुरू, प्रतिभागी तय करेंगे 3651 किमी का सफर

**जम्मू कश्मीर ।** जम्मू कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल ने बुधवार को एशिया की सबसे लंबी अल्ट्रा-साइकिलिंग रेस का शुभारंभ हुआ। जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल के परियोजना निदेशक जीतेंद्र नायक ने बताया कि अबतक भारत में केवल 1000 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की जाती थी, जो सबसे लंबी दौड़ थी। भारत के सभी अल्ट्रा-साइकिल चालकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के इस अल्ट्रा साइकिलिंग इवेंट में भाग लेने का अवसर दिया गया है। साइकिल रेस को वर्ल्ड अल्ट्रा साइक्लिंग एसोसिएशन, यूएसए द्वारा मान्यता प्राप्त है और एशियन अल्ट्रा साइक्लिंग चैंपियनशिप और वर्ल्ड अल्ट्रा साइक्लिंग चैंपियनशिप के रूप में घोषित किया गया है।

प्रतिभागियों को क्रमशः 12 दिन, 10 दिन और 8 दिन के कट-ऑफ समय के साथ सोलो, दो और चार की टीम में पेडलिंग करनी होगी। 3651 किलोमीटर लंबी दौड़ श्रीनगर से शुरू होगी और दक्षिण भारत के अंतिम सिरे कन्याकुमारी में समाप्त होगी। यह 12 राज्यों, तीन प्रमुख महानगरों और 20 से अधिक प्रमुख शहरों से होकर गुजरेगी। खेल परिषद के संयुक्त सचिव बशीर अहमद भटने कहा कि सुरक्षा और सहायता टीमों सहित सुरक्षित और सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी सवारों को उनके संबंधित चालक दल के सदस्यों द्वारा समर्थन दिया जाएगा और दौड़ पूरी करने के लिए वाहनों का समर्थन किया जाएगा। सोलो राइडर्स में डॉ. अमृत समर्थ, साहिल सचदेवा, सुमेर बंसल, धीरज कलसैत, शुभम दास, महेश किनी, अतुल कडू, विक्रम उनियाल, मनीष सैनी, इंद्रजीत वर्धन, गीता राव और अमीबा रवींद्र रेड्डी शामिल हैं। टीमों में महा साइकिलिंग दस्ते, महाराष्ट्र पुलिस, एडीसीए और अमरावती राइडर्स शामिल हैं।

## होली से पहले महंगाई का झटका, घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** होली से पहले देश की राजधानी दिल्ली के लोगों को एक और महंगाई का झटका लगा है। लिक्विड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडर की कीमतों में इजाफा हुआ है।घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमतों में 50 रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

दिल्ली में 14.2 किलो के घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत बढ़कर अब 1,103 रुपये हो गई है। न्यूज एजेंसी के अनुसार, कमर्शियल एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में 350.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत बढ़कर 2119.50 रुपये हो गई है। इसके साथ ही यूपी की राजधानी लखनऊ में घरेलू एलपीजी सिलिंडर अब 1,140 रुपये में मिलेगा। इससे पहले, तेल विपणन कंपनियों ने नए वर्ष पर



कॉमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 25 रुपये की बढ़ोतरी की थी।

पिछले कुछ वर्षों में एलपीजी के दाम तेजी से बढ़े हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, एक अप्रैल, 2017 से 6 जुलाई, 2022 के बीच एलपीजी की कीमतों में 58 बार बदलाव हुआ। इससे एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 45 फीसदी की बढ़त हुई। आपको बता दें कि अप्रैल 2017 में एलपीजी सिलिंडर की कीमत 723 रुपये थी। जुलाई 2022 तक 45 प्रतिशत बढ़कर 1,053 रुपये हो गई थी।

## कुल्लू-लाहौल के ऊंचाई वाले भागों में बर्फबारी, 117 सड़कें और 139 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति कुल्लू जिले समेत अन्य ऊंचाई वाले भागों में ताजा बर्फबारी हुई है। लाहौल घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों ने फिर से बर्फ की चादर ओढ़ ली है। वहीं, शिमला समेत अन्य भागों में बारिश दर्ज की गई। ताजा बर्फबारी से अटल टनल रोहतांग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गई है। वहीं जलोड़ी दर्रा से भी आवाजाही ठप हो गई है। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में 117 सड़कें यातायात के लिए बंद हो गई हैं।

इसके अलावा 139 बिजली ट्रांसफार्मर व 10 पेयजल योजनाएं भी ठप पड़ी हैं। सबसे ज्यादा 106 सड़कें लाहौल-स्पीति में बंद हैं। चंबा में सात व कुल्लू जिले में दो सड़कें बाधित हैं। इसी तरह डलहौजी उपमंडल में बुधवार



सुबह 10:00 बजे तक 40, कुल्लू 28 और पांवटा साहिब उपमंडल में 71 बिजली ट्रांसफार्मर ठप पड़े थे। चंबा, भरमौर, लाहौल व उदयपुर उपमंडल में 10 पेयजल योजनाएं भी बाधित चल रही हैं।रात से हो रही बर्फबारी से जिला कुल्लू में जनजीवन प्रभावित हुआ है। अटल टनल के दोनों छोर पर हुई ताजा बर्फबारी से टनल सभी तरह के वाहनों के लिए अवरूद्ध हो गई है।वहीं, जलोड़ी दर्रा से गुजरने वाला हाईवे-305 भी यातायात के लिए ठप हो गया है। बर्फबारी व भूस्खलन से कुल्लू और लाहौल में 100 सड़कें भी बंद हो गई हैं। मौसम से जिले में फिर से दुश्वारियां बढ़ गई हैं।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से आज प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 2 मार्च को कुछ भागों में अंधड़ चलने का अलर्ट है। प्रदेश के कई भागों में 5 मार्च तक मौसम खराब रहने के आसार हैं।बुधवार अल सुबह शिमला में बारिश दर्ज की गई। अब धूप खिलने के साथ बादल भी छाए हुए हैं।

## केंद्र ने सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का एफसीआरए लाइसेंस किया निलंबित

**नई दिल्ली।** केंद्र ने पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' (सीपीआर) के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस को निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है कि सरकार द्वारा थिंक टैंक का एफसीआरए लाइसेंस पिछले हफ्ते निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि प्रथम दृष्टया इस तरह की फंडिंग के मानदंडों के उल्लंघन के बारे में इनपुट दिया गया था।

इससे पहले ऑक्सफैम का लाइसेंस जनवरी, 2022 में वापस लिया गया था, जिसके बाद एनजीओ ने गृहमंत्रालय मेंम इसे लेकर एक रिव्यू पिटीशन दाखिल की थी। सीपीआर की गिनती देश के माने-जाने थिंक टैंक्सक में होती है। सीपीआर की कार्यकारी अध्यक्ष यामिनी अय्यर हैं। यामिनी




कांग्रेस नेता व पूर्व विदेश मंत्री मणिशंकर अय्यर की बेटी हैं।

आयकर विभाग ने बीते साल सितंबर माह में सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च और ऑक्सफैम के दफ्तरों पर छापेमारी की थी। विभाग ने छापेमारी एफसीआरए के प्रावधानों के उल्लंघन को लेकर की थी। आयकर विभाग ने एफसीआरए के माध्यम से प्राप्त धन की रसीद के साथ-साथ इन संगठनों के बही-खातों की जांच की थी। विभाग ने इसके अलावा बेंगलुरु स्थित इंडिपेंडेंट एंड पब्लिक स्पिरिटेड मीडिया फाउंडेशन (आईपीएसएमएफ), जो कई मीडिया आउटलेट्स को भी वित्तीय सहायता प्रदान करता है, के ठिकानों पर भी छापेमारी की थी।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी, बोले- नकल विरोधी कानून लाना बड़ा कदम, विपक्ष पर साधा निशाना

**लुधियाना।** हल्द्वानी में आयोजित रैली में पहुंचे सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमने जो नकल विरोधी कानून लाया है उसकी कॉपी महाराष्ट्र सरकार ने मांगी है। गुजरात सरकार इसे लागू करने जा रही है और धीरे-धारे सभी प्रदेश इसे लागू करने वाले हैं, लेकिन विपक्ष को लगता है कि सरकार पर झूठे आरोप लगाकर सत्ता का रास्ता निकाल लेंगे।

राम लीला मैदान में आयोजित आभार रैली में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2008 में समूह ग की परीक्षा में इंटरव्यू की व्यवस्था खत्म कर दी गई थी, लेकिन यह व्यवस्था पूरी तरह खत्म नहीं हुई थी। सरकार ने फैसला किया है कि समूह ग में इंटरव्यू व्यवस्था को पूरी तरह




खत्म होगी। जेई पदों के लिए भी साक्षात्कार की व्यवस्था नहीं होगी। यह व्यवस्था सभी तकनीकी और गैर तकनीकी पदों पर लागू होगी।इसके अलावा उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार की व्यवस्था होगी वहां पर न्यूनतम 40फीसदी और अधिकतम 70त्न थी अंक देने की व्यवस्था रहेगी इससे अधिक अंक देने पर संबंधित बोर्ड को उसका कारण भी बताना होगा उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष युवाओं को भड़काने का काम कर रहा है विपक्ष की जमीन निकल चुकी है लोग उन्हें पहचान चुके हैं। आभार रैली में केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट खिलेंद्र चौधरी समेत नैनीताल और उधम सिंह नगर विधायक और भाजपा के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सुक्खू सरकार का बड़ा फैसला: एडीएम और एसडीएम के साथ नियुक्त पीएसओ हटाने के निर्देश

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने एडीएम और उप मंडलाधिकारी एसडीएम के साथ लगे निजी सुरक्षा कर्मी (पीएसओ) को हटाने के निर्देश दिए हैं। हिमाचल की वित्तीय स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया है। अब इन पीएसओ की थाना व चौकियों में सेवाएं ली जाएंगी। इन अधिकारियों की ओर से माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने पर सुरक्षा कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री के काफिले में भी पहले की अपेक्षा कम गाड़ियां चलेंगी।

सुक्खू सरकार का मानना है कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान अधिकारियों की सुरक्षा के लिए पीएसओ की तैनाती की गई थी। इससे प्रदेश सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ा है। सीएम ने भी अपनी सुरक्षा कम करने को कहा है। हिमाचल में फिजूलखर्च रोकने के लिए सुक्खू सरकार का यह बड़ा फैसला है। हिमाचल सरकार 79 हजार करोड़ के कर्जे में डूबा है। हिमाचल प्रदेश में 70 से ज्यादा सब डिविजन है।

इनमें कई एडीएम और एसडीएम के साथ सुरक्षा को लेकर पीएसओ की तैनाती की गई है। सरकार का मानना है कि हिमाचल शांत राज्य है। ऐसे में अधिकारियों के साथ पीएसओ की जरूरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि विधायक रहते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर



सिंह सुक्खू ने पीएसओ नहीं रखा। ऐसे में वह विधायकों और सीपीएस को भी जरूरत पड़ने पर पीएसओ रखने के निर्देश दिए हैं। सीएम व मंत्रियों की वीवीआईपी, वीआईपी मूवमेंट में भी वाहनों की संख्या कम करने को कहा गया है।

> इनमें कई एडीएम और एसडीएम के साथ सुरक्षा को लेकर पीएसओ की तैनाती की गई है। सरकार का मानना है कि हिमाचल शांत राज्य है। ऐसे में अधिकारियों के साथ पीएसओ की जरूरत नहीं है।

सरकार का मानना है कि काफिला गुजरते वक्त जिले की लोकल पुलिस की गाड़ी साथ चलती है। ऐसे में पुलिस के ज्यादा वाहन चलाने की जरूरत नहीं रहती। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में एसडीएम और एडीएम के साथ पीएसओ लगाए गए थे। इन्हें हटाने को कहा गया है। वीवीआईपी काफिले में गाड़ियों की संख्या कम होगी।

## भाजपा ने गलवान में शहीद सैन्यकर्मी के पिता की गिरफ्तार पर आक्रोश जताया

पटना। बिहार के विपक्षी दल भाजपा ने 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से लड़ते हुए शहीद हुए एक सैन्यकर्मी के पिता के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की खबरों पर आक्रोश व्यक्त किया है। वैशाली जिले की पुलिस ने दावा किया कि राज कपूर सिंह को उसी गांव के एक निवासी की शिकायत पर एससी-एसटी अधिनियम में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने शहीद जय किशोर सिंह के स्मारक के निर्माण पर आपत्ति जताई है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक मनीष ने कहा कि राज कपूर सिंह को रात को जनदाहा थाने में प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया गया है, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी अपने बेटे के स्मारक का अवैध रूप से निर्माण कर रहा था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार उसने निर्माण पर आपत्ति जताई थी क्योंकि इससे उसका रास्ता बाधित हो रहा था, लेकिन आरोपी ने उससे दुर्व्यवहार किया। आरोप लगाया गया है कि बिहार रेजीमेंट के शहीद जवान के पिता को पुलिस ने घसीटा और पीटा, लेकिन पुलिस अधीक्षक ने इन खबरों को खारिज करते हुए कहा कि किसी ने भी गिरफ्तार आरोपी के साथ अनुचित व्यवहार नहीं किया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता निखिल आनंद ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया कि इससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार सशस्त्र बलों का अनादर कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल में एक मंत्री सुरेंद्र यादव ने सशस्त्र बलों के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी।

## फूलों के गमले चोरी करने वाला मनमोहन गिरफ्तार

गुरुग्राम। गुरुग्राम में कई दिन से जी-20 कार्यक्रम के लिए रखे गए फूलों के गमले चोरी करते हुए दो लोगों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वीडियो में दो लोग गुरुग्राम में सड़क पर जी-20 इवेंट के लिए रखे गए फूलों वाले गमले उठाकर अपनी कार में रखते हुए दिख रहे थे। अब गुरुग्राम पुलिस ने इसमें से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए 50 साल के व्यक्ति का नाम मनमोहन है। पुलिस ने चुराए गए गमलों और कार को भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि जब दो लाग गमलों को चुराकर कार में रख रहे थे उस समय किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया था। वीडियो दो दिन से सोशल मीडिया पर जमकर शेयर हो रहा था। कुछ लोगों ने गाड़ी के नंबर को देखकर इस यू-ट्यूबर एल्विश यादव की गाड़ी बताया है। इसका कारण एक पुराना वीडियो है, जिसमें एल्विश यादव इसी नंबर की गाड़ी में दिखा था। इसके बाद यू-ट्यूबर एल्विश ने सोशल मीडिया पर इस घटना में शामिल होने के आरोपों को नकार दिया है। एल्विश ने कहा है कि मेरे बारे में गलत सूचना ना फैलाएं। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एल्विश ने ट्वीट किया है कि, ये मेरी गाड़ी नहीं है। मैं सबसे अपील करता हूं कि मेरे बारे में गलत जानकारी ना फैलाएं। झूठ के पैर नहीं होते, ज्यादा देर तक नहीं चल पाता, इसलिए कितना भी जोर लगा लो, कितने भी नैरेटिव सेट कर लो, हिंदुओं के लिए बोलता आया था, बोलता हूं और आगे भी बोलूंगा।

## कश्मीर में सर्दियों की छुट्टियों के बाद खुले स्कूल, कक्षाओं में दोस्तों से मिलकर बच्चे हुए खुश

श्रीनगर। कश्मीर में सर्दियों की छुट्टियां खत्म होते ही स्कूल खुल गये हैं और उछलते-कूदते बच्चों के स्कूल आने से वह इमारतें जीवंत हो उठी हैं जो भीषण सर्दी के दौरान वीरान पड़ी थीं। स्कूल आते बच्चों के चेहरों की खुशी देखते ही बन रही थी क्योंकि तीन महीने बाद दोस्तों से मिलने की खुशी सबमें दिखाई दे रही थी। छात्र-छात्राओं के स्कूल आने से टीचर्स भी खुश नजर आये। संवाददाता ने जब श्रीनगर के एक स्कूल का जायजा लिया तो बच्चों और टीचर्स ने स्कूल खुलने पर खुशी जताई। टीचर्स ने कहा कि हमने बच्चों को विभिन्न विषयों के संदर्भ में सरल तरीके से पढ़ाई कराने की रूपरेखा तैयार की है ताकि बच्चे आसानी से बातों को समझें और आगे बढ़ें। वहीं बच्चों ने भी कहा कि स्कूल वापस आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा श्रीनगर शहर में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्कूलों के समय में बदलाव किए जाने के कारण वर्दी पहने हुए छात्र सुबह जल्दी ही अपने-अपने स्कूलों की ओर जाते देखे गए। संवाददाता से बात करते हुए, छात्रों ने तीन महीने के बाद स्कूल में अपने पहले दिन पर प्रसन्नता व्यक्त की। एक छात्र ने कहा, 'स्कूल में अपने पहले दिन, हम लंबे समय के बाद दोस्तों और शिक्षकों से मिलकर बहुत खुश हैं।' एक शिक्षक ने कहा, स्कूलों को फिर से खोलना छात्रों और शिक्षकों के लिए हमेशा खुशी का पल होता है। हम आपको बता दें कि श्रीनगर के साथ ही पुंछ जिले के विंटर जोन में भी स्कूल खुल गए हैं।

## वाराणसी एयरपोर्ट से पेस्ट के रूप में अंडरगारमेंट में दो किलो से ज्यादा सोना छिपाने वाला गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने एक व्यक्ति को पेस्ट के रूप में अपने अंडरगारमेंट में दो किलो से ज्यादा सोना छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अफसरों के अनुसार सोने के इस पेस्ट की कीमत 1.22 करोड़ रुपए है। आयुक्त सीमा शुल्क आरती सक्सेना और सहायक आयुक्त एलबीएसआई हवाईअड्डे प्रदीप कुमार सिंह की देखरेख में काम कर रहे अधिकारियों ने फैजाबाद के राम चंद्र को तब रोका जब वह शारजाह से वाराणसी पहुंचा था। तलाशी लेने पर ब्राउन पेस्ट के रूप में विदेशी मूल का सोना बरामद हुआ, जिसे अंडरगारमेंट में छिपाकर प्लास्टिक के पाउच में रखा गया था।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर बच्चे को किया घायल

### -दो महीने में यह 5वीं घटना

लखनऊ। आवारा कुत्तों के झुंड ने एक 13 वर्षीय लड़के पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। यह घटना एलडीए की गगनचुंबी इमारत जानकीपुरम सृष्टि अपार्टमेंट में घटी और महज दो महीने के भीतर उसी इमारत में इस तरह का यह पांचवां मामला है। लड़के की मां प्रीति उपाध्याय ने कहा कि तीन-चार कुत्तों के झुंड ने अचानक राज आर्यन पर उस वक्त हमला कर दिया, जब वह बिल्डिंग के लॉन में खेल रहा था। उसके पैरों में चोट आई है। भवन परिसर में ऐसे पिछले मामलों में कुत्तों के हमले की अलग-अलग घटनाओं में एक रखरखाव कर्मचारी, दो महिलाओं और एक किशोर को चोट आई थी। निवासी कल्याण संघ के एक सदस्य विवेक शर्मा ने मीडिया से कहा कि कुत्तों के काटने के कारण इमारत के निवासी अब लाठी या समूहों में बाहर जाने लगे हैं। इन हमलों को अक्सर संबंधित अधिकारियों द्वारा अनदेखा कर दिया जाता है, जब तक कि कोई बड़ी घटना नहीं हो जाती। क्या नागरिक निकाय हैदराबाद जैसी घटना की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जहां एक लड़के को कुत्तों के झुंड ने मार दिया।

## कांग्रेस नेता पर भाषण के दौरान फेंके गए अंडे व टमाटर

### -10 मिनट तक दोनों पक्षों की ओर से पथराव होता रहा

हैदराबाद। तेलंगाना के भूपालपल्ली शहर में मंगलवार की रात उस समय तनाव फैल गया, जब बीआरएस समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी पर उस समय अंडे और टमाटर फेंके, जब वह एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। रेवंत रेड्डी 'हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा' के हिस्से के रूप में बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हमले के लिए सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को दोषी ठहराते हुए अपना भाषण जारी रखा। बाद में दोनों पक्षों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर पथराव किया। मारपीट में एक पुलिसकर्मी के सिर में चोट आई है। विवाद तब शुरू हुआ, जब रेवंत रेड्डी के संबोधन के दौरान बीआरएस समर्थकों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने मंच की ओर बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए प्रदर्शनकारियों को पास के एक सिनेमाघर के परिसर में बंद कर दिया।

# कर्नाटक में निकली बीजेपी की विजय संकल्प रथ यात्रा जेपी नड्डा बोले- पीएम मोदी ने बदल दिए राजनीति के मापदंड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चामराजनगर में नगाड़ा बजाकर और झंडी दिखाकर विजय संकल्प रथ यात्रा का शुभारंभ किया। चामराजनगर में सोलीगा आदिवासियों को संबोधित करते हुए बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि हम सब जानते हैं कि किस तरीके से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राजनीति के पैमाने बदल दिए। एक समय में जातिवाद, परिवारवाद और वोट बैंक को देखकर राजनीति होती थी। विजय संकल्प यात्रा कर्नाटक के चार स्थानों से शुरू होगी। 20 दिनों में हम 8,000 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस यात्रा में 75 जनसभाएं और 150 रोड शो होंगे। अलग-अलग जगहों पर इस यात्रा में पूरे कर्नाटक के लोग शामिल होंगे।

**कर्नाटक में चार स्थानों से प्रारंभ होगी यात्रा**

जेपी नड्डा ने कहा कि 'विजय संकल्प यात्रा' कर्नाटक में चार स्थानों से प्रारंभ होगी। 20 दिनों के अंदर इस यात्रा के माध्यम से हम 8 हजार किमी. की यात्रा करेंगे। जगह-जगह पर लोगों को जोड़ कर विजय संकल्प यात्रा में 'विजय संकल्प' को आगे बढ़ाते हुए भाजपा आगे बढ़ेगी। एक समय था जब राजनीति... जातिवाद, वोट बैंक और परिवारवाद को ध्यान में रखकर होती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर देश को एक सूत्र में पिरो कर विकास के नए आयाम को स्थापित करने का प्रयास किया है।

**पीएम मोदी ने बदल दिए राजनीति के मापदंड**

जेपी नड्डा ने कहा कि एक समय था जब राजनीति जातिवाद, वोट बैंक की राजनीति और वंशवाद के आधार पर की जाती थी।



बहरहाल, मोदी जी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र से भारत को एक सूत्र में पिरोया है। मोदी जी के नेतृत्व में इतने वर्षों में भारत की तकदीर और तस्वीर बहुत बदली है। हमारी सरकार ने आदिवासियों, गरीबों, महिलाओं और वंचितों की बेहतरी के लिए काम किया है। भारत सरकार में, आज हमारे पास एसटी से 12 मंत्री हैं। हमने आदिवासियों के लिए बजट में 190प्र. की बढ़ोतरी की है। 2013 में बजट 4295 करोड़ रुपये था जिसे आज बढ़ाकर 12,461 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि ने रूस, चीन और बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर कहा

नई दिल्ली। जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के लिए यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि (विदेश मंत्री के समकक्ष) जोसेफ बोरेल ने कहा कि वह भारतीय राष्ट्रपति पर भरोसा करते हैं और उसके काम का समर्थन करने वाले हैं। एक विशेष साक्षात्कार में बोरेल ने रक्षा आपूर्ति के लिए रूस पर भारत की निर्भरता पर एक सवाल का जवाब देकर कहा कि युद्ध के कारण रूस की अर्थव्यवस्था कमजोर हो जाएगी। रूस के पास नकदी की कमी हो जाएगी। यूरोपीय संघ की इंडो-पैसिफिक रणनीति का उल्लेख करते हुए बोरेल ने क्षेत्र में चीनी आक्रामक व्यवहार का जवाब देकर कहा यह एक सकारात्मक एजेंडा है, जो किसी के खिलाफ निर्देशित नहीं है। बोरेल विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने जा रहे हैं, जब उनसे हाल ही में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के दृष्टिकोण से, प्रेस की स्वतंत्रता, और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अधिक मोटे तौर पर, हमारे खुले, लोकतांत्रिक समाजों की एक अनिवार्य विशेषता है।

# फारूक अब्दुल्ला बोले, भारत विविधता में एकता का देश, इसे एकजुट करने की कोशिश अच्छी शुरूआत

**श्रीनगर (एजेंसी)।** देशभर में विपक्षी एकता की बात की जा रही है। 2024 चुनाव से पहले विपक्षी एकता महत्वपूर्ण भी मानी जा रही है। इन सब के बीच विपक्षी एकता को लेकर फारुख अब्दुल्ला ने बड़ा बयान दिया है। दरअसल, फारूक अब्दुल्ला तमिलनाडु की यात्रा पर थे। इस दौरान उनसे विपक्षी एकता को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत विविधता में एकता का देश है। अगर हम व्यवस्था की रक्षा करेंगे तो हम एकता की भी रक्षा करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की भी तारीफ की और कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत को एकजुट करने की कोशिश एक अच्छी शुरुआत है। आपको बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को फारुख अब्दुल्ला ने भी अपना समर्थन दिया था।

भारत जोड़ो यात्रा में फारूक अब्दुल्ला भी शामिल हुए थे। विपक्षी एकता के लिए DMK के दावे पर उन्होंने कहा कि यह एक शानदार शुरुआत है।



स्टालिन और DMK ने देश की एकता को देखने के लिए बहुत अच्छा किया है। भारत अनेकता में एकता है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह और मजबूत होगा और मुझे उम्मीद है कि अन्य नेता भी उसी तरह से सोचेंगे और हमारे पास एक खुशहाल देश है। विपक्ष के पीएम उम्मीदवार पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जब हम सभी एकजुट होंगे और जीतेंगे, उस समय वे तय करेंगे कि इस देश का नेतृत्व करने और एकजुट करने के लिए सबसे अच्छा व्यक्ति कौन है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एमके स्टालिन पीएम उम्मीदवार हो सकते हैं, उन्होंने कहा कि 'क्यों नहीं? वह पीएम क्यों नहीं बन सकते? इसमें गलत क्या है?'

द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन बुधवार को 70 वर्ष के हो गए। राज्य में स्टालिन की पार्टी के नेता और समर्थक धूमधाम से उनका जन्मदिन मना रहे हैं। स्टालिन ने अपने जन्मदिन के मौके पर केक काटा और मरीना समुद्र तट पर पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि तथा सी एन अन्नादुरई की समाधियों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही वह यहां सुधारवादी नेता पेरियार ई वी रामासामी के स्मारक पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। स्टालिन के जन्मदिन के अवसर पर द्रमुक ने चेन्नई में एक विशाल रैली आयोजित की है।

## उमेश पाल की हत्या के भगोड़े आरोपियों के घर पर चला योगी का बुलडोजर

### - एक आरोपी का एनकाउंटर, जफर अहमद के आवास पर हुआ एक्शन

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में उमेश पाल की हत्या मामले में माहौल को गर्माया हुआ है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार को घेर रहे हैं। कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया जा रहा है। वहीं, सीएम योगी ने विधानसभा में प्रयागराज हत्याकांड के आरोपियों को मिट्टी में मिला देने की बात कही है। पुलिस की ओर से जांच चल रही है। प्रयागराज कमिश्नरेट और एटीएस की टीम ने हत्याकांड के एक आरोपी का एनकाउंटर कर दिया है। एक अन्य आरोपी की गिरफ्तारी हुई है। उमेश पाल मर्डर के मुख्य आरोपी पूर्व सांसद और बाहुबली अतीक अहमद के बेटे असद अहमद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश बढ़ाए हुए है। वहीं, अब प्रशासनिक स्तर पर भी कार्रवाई शुरू गई है। आरोपियों के घर के पास बुधवार को बुलडोजर पहुंच गई है। जफर अहमद के घर को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई है। उमेश पाल मर्डर केस के आरोपी के घर पर पहुंचे बुलडोजर ने शाइस्ता परवीन और अतीक अहमद के परिवार के करीबी जफर अहमद के घर के दरवाजे को तोड़ा गया। उसे अतीक अहमद का गुर्गा बताया जा रहा है। अभी दीवार के बाहर के हिस्से को तोड़ा जा रहा है। इसके बाद भवन के अन्य भाग को भी तोड़ने की तैयारी है। शाइस्ता परवीन और अतीक अहमद के इस आवास में रहने की भी बात कही जा रही है। इस आवास के आसपास करीब एक दर्जन से अधिक बुलडोजर के पहुंचने की बात कही जा रही है। घर को पूरी तरह से जमींदोज करने का सिलसिला शुरू हो गया है।

जफर अहमद के घर पर पहुंची बुलडोजर के साथ प्रशासन की टीम ने घर से सामान निकालने का सिलसिला शुरू किया। इस दौरान जफर अहमद के घर से बड़े पैमाने पर बैनर और पोस्टर भी निकाले गए। इन पोस्टरों में शाइस्ता परवीन के बहुजन समाज पार्टी के मेयर पद का प्रत्याशी बनाए जाने की बात भी लिखी गई थी। प्रयागराज बुलडोजर एक्शन को लेकर भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। सामान निकाले जाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुलडोजर एक्शन शुरू होने की बात कही जा रही है। प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने की तैयारी की गई है। इसके लिए आरोपियों के घर के पास बुलडोजर पहुंच गए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई को पूरा कराए जाने के बाद बुलडोजर के एक्शन में आ गया है। बुलडोजर एक्शन पर पिछले दिनों काफी सवाल खड़े किए गए थे। वहीं, प्रयागराज हत्याकांड के बाद विपक्षी दलों की ओर से इस मामले में सवाल खड़े किए जा रहे थे।

मर्डर केस के एक आरोपी असद के ड्राइवर अरबाज का एनकाउंटर हो चुका है। माना जा रहा है कि पुलिस इस मामले के आरोपियों की पहचान कर उनका एनकाउंटर कर सकती है। इस स्थिति ने हत्याकांड के आरोपियों की परेशानी बढ़ा दी है।

# बिना समाजवाद के 'राम राज्य' संभव नहीं: अखिलेश यादव

**मुंबई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए विकास की दिशा में उत्तर प्रदेश को बहुत पीछे करार देते हुए कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास' या 'राम राज्?य', बिना समाजवाद के संभव नहीं है। मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के बाद वित्त वर्ष 2023-24 के बजट प्रावधानों पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार का यह सातवां बजट है और हर साल सरकार ऐतिहासिक और सबसे बड़ा बजट पेश करने का दावा करती है, लेकिन इतने बजट पेश करने के बाद भी उत्तर प्रदेश की स्थिति कई मानकों पर अभी सुधरी नहीं है।

यादव ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा, 'पूरे देश और उप्र की जनता को एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना दिखाया जा रहा है। सरकार अगर यह सपना देख रही है, तो उसे सतत विकास लक्ष्य पर नीति आयोग की रिपोर्ट देखनी चाहिए कि उसमें उत्तर प्रदेश की क्या स्थिति है। उन्होंने नीति आयोग की 2020-21 की रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इसमें गरीबी रेखा से नीचे वाले 28 राज्यों की सूची में उप्र नीचे से चौथे नंबर पर है। उन्होंने बताया कि भुखमरी समाप्त करने में मामले में उप्र पांचवें नंबर पर है, जबकि गुड हेल्थ के मामले में नीचे से दूसरे नंबर पर है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में 18वें नंबर पर है। उन्होंने इन आंकड़ों के जरिये सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 'सरकार को समाजवादी सिद्धांत को समझना होगा। सबका साथ, सबका विकास या राम राज्?य बिना समाजवाद के संभव नहीं है।' भर्तियों में गड़बड़ी का मामला उठाते हुए उन्होंने कहा कि सुनवाई तभी होगी जब जातीय जनगणना होगी। बिना जातीय जनगणना के सबका साथ-सबका विकास संभव नहीं है।

यादव ने कहा, ''हम जातीय जनगणना के लिए सरकार से लड़ेंगे और उन साथियों से भी कहेंगे कि हमारा साथ दें, जो कभी हमारे साथ थे।'' यादव ने लगभग डेढ़ घंटे के अपने भाषण में वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें न वर्तमान की समस्याओं का समाधान है और न ही भविष्य का रास्ता है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने वादा किया था कि किसानों की आय दोगुनी होगी, लेकिन उस वादे का कोई भविष्य अभी तक नजर नहीं आया है। नेता प्रतिपक्ष ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के लिए 34 प्रतिशत की वृद्धि दर चाहिए, लेकिन 34 प्रतिशत की वृद्धि दर कैसे संभव है।

## फिर आया मुंबई पर आतंकी हमला का धमकी भरा फोन, पुलिस अलर्ट

मुंबई, (ईएमएस)। पिछले कुछ महीनों से लगातार मुंबई पर आतंकी हमला का फोन कॉल आ रहा है. एक बार फिर मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा फोन आया है। खबर है कि एक अनजान शख्स ने अगले 10 मिनट में मुंबई के कुर्ला इलाके में बम ब्लास्ट होने की बात कहकर फोन काट दिया. इस धमकी भरे फोन कॉल से मुंबई पुलिस अलर्ट हो गई है। मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक और धमकी भरा फोन कॉल आया है. फोन करने वाले ने कहा कि अगले 10 मिनट में कुर्ला इलाके में बम धमाका होने वाला है और यह कहकर उसने फोन काट दिया। इस फोन कॉल के बाद मुंबई पुलिस सतर्क हो गई और हर जगह तलाशी अभियान शुरू कर दी। फ़िलहाल पुलिस जांच में कुछ भी संदिग्ध सामने नहीं आया। अब पुलिस फोन करने वाले की तलाश कर रही है। उधर उक्त अनजान शख्स ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया है. पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।




## भाजपा का केजरीवाल पर आरोप, गुरु अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को बदनाम किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलकर कहा है कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें सीबीआई ने शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया है, उन्हें पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आप नेताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता और केजरीवाल के गुरु अन्ना हजारे के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को बदनाम किया है।



पूर्व कानून मंत्री ने कहा, आप के दो नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था। प्रसाद ने दिल्ली में शराब घोटाले के मामले को भ्रष्टाचार का तय किताबी मामला करार देकर कहा कि भाजपा इस मुद्दे को देश के हर कोने में उठाएगी। भाजपा नेता प्रसाद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को किसी भी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया। आप और उनके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल पर निशाना साधते हुए, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रसाद ने कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के ध्वजवाहक होने का दावा किया है, उन्होंने ऐसा शासन सुनिश्चित किया है जिससे दिल्ली में शराब पीने वालों की संख्या बढ़े।

प्रसाद ने कहा लेकिन आज, मुझे कहना होगा कि केजरीवाल की पार्टी के लिए 3सी कट, कमीशन और भ्रष्टाचार भी लागू होता है। उन्होंने कहा कि आप नेताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता हजारे के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को बदनाम किया है। भाजपा नेता ने कहा कि सिसोदिया शायद देश के एकमात्र इसतरह के शिक्षा मंत्री हैं जो शराब मंत्री भी हैं।

केजरीवाल का जिक्र कर प्रसाद ने कहा कि गुजरात चुनाव के दौरान उन्होंने दावा किया था कि इंटेलिजेंस ब्यूरो आप की बड़ी जीत दर्ज कर रहा है और सोमवार को उन्होंने दावा किया कि सीबीआई सिसोदिया की गिरफ्तारी के पक्ष में नहीं है! उन्होंने कहा, शराब पर कमीशन के लिए केजरीवाल द्वारा बोले गए झूठों की संख्या से मैं हैरान हूं।

# अमृतपाल सिंह को भिंडरावाले 2.0 के रूप में बढ़ावा देने के आईएसआई कर रहा फंडिंग, सुरक्षा एजेंसियों ने जताया शक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुरक्षा एजेंसियों को संदेह है कि खालिस्तानी नेता और वारिस दे पंजाब के प्रमुख अमृतपाल सिंह को सोशल मीडिया पर भिंडरावाले 2.0 के रूप में प्रचारित करने के लिए पाकिस्तान की इंटर-सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसआई) से फंडिंग मिल रही है। जरनैल सिंह भिंडरावाले अलग सिख राष्ट्र खालिस्तान के समर्थक था। 1984 में ऑपरेशन ब्लूस्टार के दौरान सेना ने उसे मार गिराया था। यह जानकारी अमृतपाल सिंह के सहयोगी लवप्रीत सिंह तूफान की गिरफ्तारी को लेकर अजनाला में उनके समर्थकों और पंजाब पुलिस के बीच हुई झड़प के कुछ दिनों बाद आई है।

तलवारों और बंदूकों से लैस समर्थकों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़ दिए और अजनाला पुलिस थाने पर धावा बोल दिया। पुलिस ने दावा किया कि प्रदर्शनकारियों ने गुरु ग्रंथ साहिब को ढाल के रूप में भी इस्तेमाल किया। वारिस पंजाब डे के नेता अमृतपाल सिंह और उनके समर्थकों से बातचीत के बाद पंजाब पुलिस ने लवप्रीत सिंह तूफान को रिहा करने का फैसला किया। दमदमी टकसाल सहित कुछ धार्मिक संगठनों के अलावा, कांग्रेस ने भी अजनाला की घटना में अमृतपाल सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए पंजाब सरकार की आलोचना की है।



**पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने की कोशिश में आईएसआई**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने भी अजनाला की घटना की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है जिसमें गुरु ग्रंथ साहिब को अजनाला पुलिस स्टेशन ले जाया गया था। आईएसआई समर्थित खालिस्तानी आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवाद को पुनर्जीवित करने और पंजाब में सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश करने पर हाल के दिनों में खुफिया अलर्ट जारी किए गए हैं।

## भारत में आतंकी हमलों में साल 2021 में 16 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में आतंकी हमलों में साल 2021 में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है। माओवादी 2021 में भारत में सबसे अधिक आतंकवादी हमलों (225) में शामिल थे, जबकि वे पिछले वर्ष की तुलना में 2021 में 16 प्रतिशत की गिरावट हुई और 2018 के बाद से सबसे कम हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के विश्लेषण के अनुसार 2021 में भारत में इस तरह के हमलों में कम से कम 536 लोग मारे गए और आतंकवादी हमलों (23,692) में वैश्विक कुल मृत्यु का 2 प्रतिशत हिस्सा था। 2021 में अधिकतम 39 प्रतिशत हमलों में माओवादी शामिल थे, इसके बाद पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा (50 या 9प्रतिशत) का नंबर आता है। प्रतिरोध मोर्चा (टीआरएफ) 18 या 3 प्रतिशत हमलों और हिजबुल मुजाहिदीन 12 में शामिल था। विश्लेषण में कहा गया है कि 2021 में पूरे भारत में 33 प्रतिशत हमलों के लिए किसी भी समूह को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया था। यह विश्लेषण आतंकवाद पर देश की रिपोर्ट 2021 का हिस्सा है। 2019 में 655 और 2018 में 673 की तुलना में 2020 में 679 आतंकी हमले हुए। 2021 में जम्मू और कश्मीर से अधिकतम 252 या 44 प्रतिशत हमले दर्ज किए गए, इसके बाद माओवादी उग्रवाद प्रभावित छत्तीसगढ़ (119 या 21प्रतिशत) और झारखंड (59) थे। अप्रैल 2021 में, छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक माओवादी हमले में 22 सुरक्षाकर्मी मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। यूएस ब्यूरो ऑफ काउंटरटेररिज्म की एक रिपोर्ट के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिजबुल मुजाहिदीन, आईएसआईएस, अल-कायदा, जमात-उल-मुजाहिदीन और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश भारत में सक्रिय आतंकवादी समूहों में से हैं।

## तीन साल बाद हांगकांग के लोगों को फेस मास्क से मुक्ति मिली!

हांगकांग। हांगकांग में कोरोना फैलने के बाद शख्त नियम लागू किए गए थे। यहां फेस कवरिंग को भी अनिवार्य किया था। 3 साल बाद अब यहां के लोगों को फेस मास्क से मुक्ति मिली है। 959 दिनों के बाद हांगकांग में कोरोना मास्क को खत्म कर दिया गया है। नया नियम अब आज से लागू होगा। स्थानीय प्रशासन अब कुछ इलाकों में स्थिति सामान्य करने की कोशिश कर रहा है। हांगकांग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन ली ने बताया कि हमें लगता है कि मास्क को लेकर फैसला लेने के लिए यह सबसे अच्छा समय है। हांगकांग दुनिया को अब संदेश दे रहा है कि यहां अब जीवन पहले की तरह सामान्य हो गया है। हांगकांग उन चुनिंद शहरों में से एक है, जहां इब तक मास्क अनिवार्य था, जबकि दुनिया भर के अधिकांश देशों ने चरणबद्ध तरीके से मास्क को लेकर अपने नियमों में बदलाव किया था। हांगकांग ने बीजिंग द्वारा निर्धारित किए गए नियम का पालन करना जारी रखा था। हांगकांग में मास्क को लेकर नियम पहली बार 29 जुलाई 2020 को लागू किया गया था। सभी लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने के लिए निर्देशित किया गया था। वहीं नियमों का पालन करने में अधिकारी करीब 1275 डॉलर तक का जुर्माना लग सकते थे। मास्क को लेकर बनाए गए नियम की आलोचना के बाद पिछले साल दिसंबर में हांगकांग के अधिकारियों ने एम्बर कोड खत्म करने का फैसला किया था, जिसने लोगों को किसी भी जगह पर प्रवेश करने के लिए एक ऐप का उपयोग करना होता था। हांगकांग की अर्थव्यवस्था पर सख्त कोविड प्रतिबंधों का काफी बुरा प्रभाव पड़ा था। जिससे उसकी अर्थव्यवस्था 3.5 प्रतिशत तक सिमट गई थी।

## गौतम अदानी पर बांग्लादेश में विपक्षियों का हल्ला बोल

ढाका। भारत के अरबपति कारोबारी गौतम अदानी की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। एक तो पहले से ही अडानी समूह गंभीर आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है और अब बांग्लादेश में विपक्षी दलों और सिविल सोसायटी ने अदानी समूह के साथ ऊर्जा क्षेत्र में किए गए क़रार पर जोर शोर से हल्ला बोल दिया है। गौरतलब है की वर्ष 2017 के नवंबर माह में बांग्लादेश सरकार ने अदानी समूह के साथ 1.7 अरब डॉलर का क़रार किया था। इस करार के अनुसार भारत में झारखंड के गोड्डा में 1600 मेगावाट का कोयला आधारित पावर प्लांट लगाया जाना था और इस प्लांट से पैदा हुई बिजली को 25 सालों तक बांग्लादेश को बेचा जाना था। लेकिन पिछले कुछ हफ़्तों में बांग्लादेश में इस समझौते को लेकर तमाम आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। इनमें इस समझौते को भारत-बांग्लादेश के द्विपक्षीय रिश्तों के लिए जोख़िमपूर्ण बताया जा रहा है। बांग्लादेश वर्तमान में भारत से 1,160 मेगावाट बिजली का आयात करता है।

**-अदानी का संकट जारी**

24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से अडानी समूह के बुरे दिन शुरू हो गए हैं। गौतम अदानी के नेतृत्व वाला अदानी समूह वर्तमान में गंभीर आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने की भारतीय नागरिक को गोली मारी, मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी हैं। यह पूरी घटना ऑबर्न रेलवे स्टेशन के पास घटित हुई जब 28 साल के भारतीय नागरिक मोहम्मद रहमतुल्लाह सैयद अहमद ने मंगलवार को 12:03 बजे एक सफाईकर्मी पर चाकू से हमला किया था। उसके बाद उसने पुलिस को भी धमकाया। जिसके चलते पुलिस ने उसे मौके पर ही गोली से मार दी। भारतीय दूतावास ने इस संबंध में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स की पुलिस से पूरी रिपोर्ट मांगी है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावास ने पहचान की थी कि हमलावर मोहम्मद रहमतुल्लाह सैयद अहमद तमिलनाडु का रहने वाला था और ब्रिजिंग वीजा पर ऑर्बन में रह रहा था।




सिडनी के मॉर्निंग हेराल्ड अखबार के अनुसार पुलिस के हवाले से बताया कि अहमद ने मंगलवार को ऑबर्न रेलवे स्टेशन पर एक सफाई कर्मी पर हमला किया। उसके बाद उसने 2 अन्य पुलिस अधिकारियों पर भी हमला करने की कोशिश की थी। उसी दौरान एक पुलिस अधिकारी ने 3 गोलियां चलाई जिसमें से दो अहमद के सीने में लगी। इसके साथ वहीं प्रोबेशनरी कॉन्स्टेबल ने उस पर अपने टेजर का भी इस्तेमाल किया था। हालांकि उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहा डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। न्यू साउथ वेल्स की पुलिस सहायक आयुक्त स्टुअर्ट ने बताया कि हमारे पास जवाब देने के लिए कुछ ही सेकंड बचे थे। उनके अनुसार अपनी जान बचाने के लिए उनके पास अहमद को गोली मारने के अलावा कोई और अन्य विकल्प नहीं बचा था। हालांकि उन्होंने कहा की घटना दर्दनाक है इसके लिए आतंकवाद विरोधी एजेंसियो की जांच में मदद भी ली जाएगी। साथ ही यह भी पता लगाया जाएगा कि अहमद मानसिक रूप से कहीं अस्वस्थ तो नहीं था। जिसकी वजह से उसने सफाईकर्मी पर हमला किया और पुलिस अधिकारियों को भी धमकाया।

## गुस्से में भाई पर फेंका पानी, अब उम्र भर जेल में बीतना होगा

फ्लोरिडा। दुनिया में अलग-अलग तरह के लोग होते हैं। कुछ लोगों को गुस्सा जल्दी नहीं आता है, कोई उनसे कुछ भी कहता रहे। वहीं कुछ लोग इतने तुनकमिजाज होते हैं, कि उन्हें बात-बात पर गुस्सा आता है। हालांकि इतना होश रख पाना आसान नहीं होता है और अक्सर कुछ पल का गुस्सा लंबी सजा दे जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ फ्लोरिडा प्रांत में रहने वाले एक बुजुर्ग शख्स के साथ। हम सभी को पता है कि शरीर की ताकत कम होती है, तब बुजुर्गों को क्रोध ज्यादा आता है। ली काउंटी में रहने वाले 64 साल के डेविड शेरमैन पॉवेलसन भी इसी कमजोरी का शिकार होकर उन पर एक छोटी सी बात के लिए गंभीर चार्ज लग गया और उनकी आगे की जिंदगी जेल में कटने वाली है। एक रात को डेविड और उनके भाई एक साथ बैठकर खाना खा रहे थे। इसी बीच उन दोनों में बहस की शुरुआत हो गई। बहस इस बात पर हो रही थी कि डेविड ने अपने भाई की कुछ दिनों से फ्रिज में रखी लाइम पाइ खा ली थी। जब दोनों के बीच बहस बढ़ी, तब डेविड ने बड़े ग्लास में पानी लिया और अपने भाई को शांत करने के लिए उस पर फेंक दिया। लगातार दो ग्लास पानी पड़ने के बाद भाई ने पुलिस को रात साढ़े आठ बजे एमरजेंसी कॉल लगाकर अपनी जान खतरे में बताकर उन्हें बुला लिया। दिलचस्प बात ये रही कि इतनी सी बात के लिए डेविड पर एक खास किस्म का चार्ज लगाया गया है। ये चार्ज किसी शख्स पर तब ही लगाया जाता है, जब उसने किसी को जान-बूझकर बड़ी शारीरिक क्षति पहुंचाई हो या फिर किसी को हमेशा के लिए अपाहिज बना दिया हो। हालांकि इस केस में ऐसा कुछ नहीं हुआ और डेविड के भाई को कोई जख्म नहीं आए हैं।

## ईरान में 83.7 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम कण मिलेङ्ग संयुक्त राष्ट

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था (आईएईए) के निरीक्षकों को ईरान के भूमिगत फोर्डो परमाणु स्थल में यूरेनियम के 83.7 प्रतिशत तक संवर्धित कण मिले। 'एसोसिएटेड प्रेस' ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इस अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी द्वारा सदस्य देशों को वितरित की गई इस गोपनीय त्रैमासिक रिपोर्ट से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर उसके तथा पश्चिमी देशों के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका है। आईएईए के महानिदेशक ने कहा है कि यदि ईरान चाहे तो उसके पास अब ''कई'' परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम है, लेकिन उसे कोई हथियार बनाने में महीनों लग जाएंगे। इससे पहले 'ब्लूमबर्ग' ने बताया था कि आईएईए के निरीक्षकों को ईरान में 84 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम कण मिले हैं। उस समय, ईरान के असैन्य परमाणु कार्यक्रम के प्रवक्ता बहरोज कमालवांदी ने उस शुद्धता (84 फीसदी) के स्तर पर यूरेनियम के किसी कण के मिलने को 60 फीसदी शुद्धता वाले यूरेनियम संवर्धन की प्रक्रिया का क्षणिक दुष्प्रभाव बताया था। ईरान पहले ही 60 फीसदी शुद्धता वाले यूरेनियम संवर्धन की घोषणा कर चुका है। हालांकि, 84 फीसदी शुद्धता वाला यूरेनियम परमाणु हथियार में प्रयुक्त होने वाले संवर्धित यूरेनियम (90 फीसदी शुद्धता) के बेहद करीब है। इससे तात्पर्य है कि अगर ईरान चाहे तो इस यूरेनियम का उपयोग परमाणु हथियार बनाने में कर सकता है।




वाशिंगटन में छात्रों पर कर्ज में राहत के मामले को लेकर प्रदर्शन करती हुई एक समर्थक डेनिला सांचेज।

## पहले करोड़ो खर्च कर वाला लड़की, अब फिर करोड़ों खर्च कर बना रहा लड़का

लंदन। आपने तमाम पुरुषों को महिला बनते सुना होगा। पर इस शख्स की कहानी थोड़ी अजीब है। कोरियन महिलाएं पसंद आती थीं, इसलिए करोड़ों खर्च करके महिला बना। लेकिन बाद में समझ आया कि नहीं, गलती हो गई है, तब फिर पुरुष बनने के लिए लाखों रुपये खर्च कर रहा है। ऐसा करने वाला यह दुनिया का पहला इंसान है। हम बात कर रहे हैं, लंदन एक इंफ्लुएंसर ओली की। 2018 में जब उन्होंने ऐलान किया था कि वे अब कोरियन महिला बन गए हैं, तब लंदनवासी चौंक गए थे। इस बदलाव के लिए उन्होंने 32 तरह की सर्जरी कराई थी। नाक को ठीक कराया, चिन में बदलाव कराया और चेकबोन्स की भी सर्जरी कराई। इस पर उन्होंने करीब तीन लाख पाउंड खर्च किए। तब उन्हें काफी अच्छा लग रहा था। मगर 2022 में उन्हें अचानक लगा कि शायद उन्होंने गलती कर दी है। वह महिला की तरह रह ही नहीं सकते। बदलाव की वजह बताते हुए उन्होंने कहा, जब मैं एक लड़की बन गया, तब मुझे मेरे लुक्स के लिए चिढ़ाया और धमकाया गया। मेरे मुंहासे और बड़ी नाक थी। कहा गया कोई भी मुझे डेट नहीं करना चाहेगा। इससे मैं उदास हो गया। ओली ने बताया, मुझे काफी दुख हुआ। मैं चर्च में घंटों बिताता था ताकि मुझे स्पष्ट हो जाए कि मुझे क्या करना चाहिए। मुझे पता था कि जितनी ज्यादा सर्जरी होगी, मेरे शरीर को उतना ही कष्ट पहुंचेगा।

# आईएमएफ ने लोन देने से किया इनकार, डिफॉल्टर होगा पाक!

**-क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडी ने पाक की रेटिंग कर दिया सीएए3**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आर्थिक रूप से महाकंगाली से गुजर रहे पाकिस्तान के डिफॉल्टर होने का खतरा गहरा गया है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडी ने पाकिस्तान की रेटिंग को जहां सीएए3 कर दिया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने लोन देने से एक तरह से किनारा कर लिया है। इससे पाकिस्तान की शहबाज सरकार हताश हो गई है और खुलकर आईएमएफ पर लोन नहीं मिलने के लिए ठीकरा फोड़ रही है। बार-बार कर्ज मांगकर भिखारियों वाली हालत में पहुंच चुके पाकिस्तान को आईएमएफ से ताजा लोन के लिए मनाने में नाको चने चबाना पड़ रहा है। वहीं विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान अब डिफॉल्ट होने से मात्र कुछ सप्ताह ही दूर है।

मूडी के रेटिंग घटाने और आईएमएफ से लोन की दूर-दूर तक कोई उम्मीद नहीं दिखने पर पाकिस्तानी अधिकारी इसके लिए अंतरराष्ट्रीय एजेंसी को जिम्मेदार बताने लगे हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी अधिकारी इस बात से बौखलाए हुए हैं कि आईएमएफ शर्तें लगा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सदस्य देश हैं, भिखारी नहीं। एक अन्य पाकिस्तानी अधिकारी ने तो हालात की तुलना साल 1998 से कर दी। उस समय पाकिस्तान ने परमाणु विस्फोट किया था और देश में आर्थिक तबाही आ गई थी। इसके बाद पाकिस्तान के डिफॉल्ट होने का खतरा प्रबल हो गया था।

पाकिस्तान की सरकार आईएमएफ को मनाने में नाकाम रही है और उसको लोन मिलना अब बहुत ही मुश्किल हो गया है। पाकिस्तानी अखबार ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक यह बहुत ही दुर्लभ है कि शहबाज सरकार भारी राजनीतिक कीमत चुकाते हुए कठोर फैसले लेने के बाद भी आईएमएफ से लोन नहीं ले पाई है। अब पाकिस्तानी यह दावा कर रहे हैं कि इसके लिए आईएमएफ ही जिम्मेदार है। हालत अब यह हो गई है कि पाकिस्तान के वित्त मंत्री अमेरिका की शरण में पहुंच गए हैं। पाकिस्तानी वित्त मंत्री इशाक डार ने अमेरिका के डिप्टी वित्त मंत्री वल्ली अडेयेमो के साथ बैठक की है। अमेरिकी मंत्री एक दूसरे मुद्दे पर बातचीत करना चाहते थे और इसी में पाकिस्तान लोन की भीख मांगने लगा। पाकिस्तान और आईएमएफ के बीच मुद्रा के एक्सचेंज रेट, ब्याज दर, बिजली पर सरचार्ज को लेकर मतभेद बना हुआ है। पाकिस्तान सरकार करीब 25 साल के बाद इस तरह के हालात का सामना कर रही है। पाकितान और आईएमएफ के बीच में 1.1 अरब डॉलर के लोन के लिए पिछले करीब 1 महीने से बातचीत चल रही है। पाकिस्तान को चीन को छोड़कर किसी देश से लोन नहीं मिल रहा है। दोस्?त सऊदी अरब भी किनारा कर चुका है।

# सिर्फ 12 दिनों में परमाणु बम बना सकता है ईरान!

**वाशिंगटन (एजेंसी)** ईरान अब परमाणु बम बनाने के करीब पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ईरान सिर्फ 12 दिनों में परमाणु बम की सामग्री बना सकता है। ईरान ने यूरेनियम की एक बड़े खेप इकट्ठा की है। ईरान ने इसे इतना संवर्धित कर लिया है कि परमाणु बम बना सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉ कॉलिन काहल ने सांसदों से कहा कि साल 2015 के ईरान परमाणु समझौते की शर्तों के तहत पहले ईरान को परमाणु बम के लिए पर्याप्त सामग्री बनाने में एक साल लग जाते थे। उन्होंने कहा कि चूंकि हमारे संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना (जेसीपीओए) छोड़ने के बाद से ईरान की परमाणु प्रगति उल्लेखनीय रही है। जब पिछले प्रशासन ने जेसीपीओए को छोड़ने का फैसला किया था तो ईरान को एक बम के लायक पर्याप्त सामग्री बनाने में करीब 12 महीने लगते थे। अब इसमें करीब 12 दिन लगेंगे।

काहल ने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि अभी भी यह विचार है कि यदि आप इस मुद्दे को कूटनीतिक रूप से हल कर सकते हैं और उनके परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगा सकते हैं, तो यह अन्य विकल्पों की तुलना में बेहतर है। लेकिन जेसीपीओए सुस्त पड़ा हुआ है। वहीं अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान विखंडनीय सामग्री के उत्पादन के करीब पहुंच गया है। उन्हें विश्वास नहीं है कि उसने वास्तव में बम बनाने की तकनीक में महारत हासिल कर ली है।

## ट्रेनों की आमने-सामने टक्कर में 32 की मौत, 80 से अधिक घायल



**एथेंस (एजेंसी)।** मध्य ग्रीस में दो ट्रेनों के बीच भीषण टक्कर में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। सीएनएन ने ग्रीक फायर सर्विस के हवाले से बताया कि हादसा लारिसा शहर के पास टेंपी में मंगलवार देर रात हुआ। 350 लोगों को लेकर एथेंस से उत्तरी शहर थेसालोनिकी जा रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच टक्कर की वजह की जांच की जा रही है। राष्ट्रीय प्रसारक ईआरटी ने एक रिपोर्ट में कहा है कि जोरदार टक्कर के बाद कई डिब्बे पटरी से उतर गए और कम से कम तीन में आग लग गई। ग्रीक फायर सर्विस ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सेवा के प्रवक्ता वासिलिस वर्थकोगियानिस ने कहा कि 17 वाहनों और 40 एंबुलेंस के साथ कम से कम 150 दमकलकर्मी वर्तमान में चल रहे बचाव अभियान में शामिल हैं। उन्होंने यह भी पुष्टि की है कि 194 यात्रियों को सुरक्षित रूप से थेसालोनिकी ले जाया गया और 20 लोगों को लारिसा शहर में बस द्वारा स्थानांतरित किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि घायलों में से 53 अस्पताल में भर्ती हैं।

## अभिनेता रसेल उनकी प्रेमिका को ऑस्ट्रेलियाई रेस्तरां में नहीं मिला प्रवेश

वाशिंगटन। हॉलीवुड अभिनेता रसेल क्रो और उनकी प्रेमिका ब्रिटनी थेरियट को ऑस्ट्रेलिया के एक रेस्तरां में स्मार्ट-कैजुअल ड्रेस कोड पूरा नहीं करने पर सर्विस देने से मना किया। रिपोर्ट के अनुसार, दंपति मेलबोर्न में एक जापानी-फ्यूजन प्रतिष्ठान श्री मियागी में खाने के लिए गए थे, वह टेनिस खेलते समय पहने जाने वाले कपड़ों के साथ वहां पहुंचे थे, लेकिन कर्मचारियों ने उन्हें प्रवेश देने से मना कर दिया।

# जी-20 बैठक में दिल्ली नहीं आएंगे जापानी विदेश मंत्री, दोस्ती को बड़ा झटका

**-जापान के नेताओं व भारत के अधिकारियों ने जापानी विदेश मंत्री की इस योजना पर जताई आपत्ति**

**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान सरकार ने ऐलान किया है कि भारत में आज से हो रहे जी-20 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी हिस्सा नहीं लेंगे। हयाशी की जगह पर विदेश राज्य मंत्री केंजी यमादा नई दिल्ली जा रहे हैं। इससे पहले जापान के नेताओं और भारत के अधिकारियों ने जापानी विदेश मंत्री की इस योजना पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद भी जापानी विदेश मंत्री ने अपने दोस्तों और देशों के लोगों की मांग को दरकिनार कर दिया। विश्लेषकों का कहना है कि इसका दोनों देशों के बीच रिश्तों में बुरा असर पड़ सकता है। वह भी तब जब चीन के नए विदेश मंत्री अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं।

जापान की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जी-20 देशों के विदेश मंत्री अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों, खाद्यान और ऊर्जा सुरक्षा तथा रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा कर सकते हैं। जापानी मीडिया के मुताबिक विदेश मंत्री हयाशी भारत आने की बजाय संसद के सत्र में हिस्सा लेंगे। यही नहीं जापानी विदेश मंत्री के इस फैसले से क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खटाई में पड़ सकती है। जापान ने यह फैसला ऐसे समय पर लिया है, जब वह खुद मई महीने में जी-7 देशों की बैठक आयोजित करने जा रहा है।

जापान की योजना है कि वह जी-7 देशों की बैठक में भारत को भी आमंत्रित करे। अमेरिका के हडसन इंस्टीट्यूट में जापानी मामलों के विशेषज्ञ डॉक्टर सतोरू नगाओ ने जापानी विदेश मंत्री के भारत नहीं जाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। सतोरू ने कहा कि अगर जापानी विदेश मंत्री जी-20 देशों की बैठक में नहीं शामिल होते हैं तो भारत इस फैसले से बहुत नाराज होगा। इसकी वजह यह है कि भारत जी-20 बैठक को लेकर अपने प्रयासों पर पूरा फोकस किए हुए है। यह भारत के साथ जापान के रिश्तों को बाद में प्रभावित करेगा। विदेश मंत्री हयाशी को निश्चित रूप से जाना चाहिए।

इससे पहले जापान के सांसदों ने भी जापानी विदेश मंत्री के इस फैसले की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि जापान जी-7 देशों की बैठक से एक बड़ा मौका खो देगा। इससे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अपनी दोस्ती को निभाते हुए उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। ऐसे समय पर जब चीन भारत और जापान दोनों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है, जापानी विदेश मंत्री के फैसले को बहुत हैरानी से देखा जा रहा है। चीन ने से निपटने के लिए हाल ही में भारत ने जापान के साथ पहला सैन्य अभ्यास किया था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के अधिकारियों ने साफ कह दिया था कि अगर जापानी विदेश मंत्री नहीं आते हैं तो इसका रिश्तों पर बहुत नकारात्मक असर पड़ेगा।

## पूर्व पीएम इमरान सहित उनके 250 सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद जिले के थाना रमना में पूर्व पीएम इमरान खान सहित उनके 250 सहयोगियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत 28 फरवरी को देर शाम मुकदमा दर्ज किया है। इस बाबत दर्ज एफआईआर में इमरान के अलावा उनके करीबी लोगों में राजा खुर्रम नवाज हसन, नियाजी अहमद कुद्दुस, डॉक्टर शहजाद, उमर सुल्तान, रियाज आदि के नाम भी शामिल हैं।

एफआईआर के मुताबिक सेक्टर 11 स्थित जुडिशियल कॉम्प्लेक्स में पूर्व पीएम इमरान एक मामले में पेशी के लिए आए थे। जहां उन्होंने और उनके साथ आए लोगों ने जुडिशियल कॉम्प्लेक्स में तोड़फोड़ मचाकर अफसरों को सरकारी काम नहीं



करने दिया। उन्होंने उनमें खौफ पैदा किया। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि इन लोगों के पास हथियार भी थे। साथ ही इन लोगों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

माना जा रहा है कि जब से इमरान ने पाकिस्तान के पूर्व जनरल बाजवा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पाकिस्तानी राष्ट्रपति को पत्र लिखा है तब से इमरान के वफादार फौजी जनरल और उनके अनेक वफादार वरिष्ठ पदों पर तैनात सरकारी अधिकारी जिनमें अनेक सेवानिवृत्त लोग भी शामिल हैं पाकिस्तानी फौज और सरकार के निशाने पर आ गए हैं। माना जा रहा है कि इमरान खान के साथ उनके वफादार जनरल फैज को भी गिरफ्तार करने की तैयारी की जा रही है।

रिटायर्ड जनरल फैज पिछले साल पाकिस्तानी फौज के होने वाले जनरल की दौड़ में शामिल थे। लेकिन अंतिम समय में पाकिस्तानी सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल फैज की जगह दूसरे जनरल को पाकिस्तानी फौज का नया मुखिया बना दिया था। इसके बाद लेफ्टिनेंट जनरल फैज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## हम आईएमएफ के सदस्य, भिखारी नहीं, अगर ऐसा है तो हमारी सदस्यता ही खत्म कर दीजिए: पाक अफसर

**-बिना किसी नोटिस के बदला आईएमएफ ने 4 पूर्व शर्तें, पाक आगबबूला**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की तरफ से मिलने वाला बेलआउट पैकेज पाकिस्तान के लिए आर्थिक संकट में आखिरी उम्मीद था। आखिर में बात नहीं बनी और अब हालात दिन-पर-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। अब जो खबरें पाकिस्तान की मीडिया में आ रही हैं, उसके मुताबिक देश की अथॉरिटीज इस बात से खासी नाराज हैं कि संगठन ने पूर्व की चार शर्तों पर अपना दिमाग बदल लिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सरकार अब आईएमएफ की फंडिंग को हासिल करने के लिए मशक्कत कर रही है। अधिकारी पर्दे के पीछे वार्ता कर रहे हैं और प्रशासन काफी घबराया हुआ है। अथॉरिटीज की मानें तो अब कर्ज की किस्त को जारी कराने में मुश्किल बढ़ती जा रही है।

मीडिया के अनुसार आईएमएफ ने कम से कम चार पूर्व शर्तों को बदल दिया और वह भी बिना किसी नोटिस के। जैसे ही बेलआउट पैकेज के लिए स्टाफ लेवल एग्रीमेंट होने को था, इन शर्तों की वजह से परेशानी पैदा हो गई। सूत्रों की तरफ से बताया गया है कि अथॉरिटीज ताजा स्थिति की वजह से संगठन से काफी नाराज हैं। उन्होंने पूरी स्थिति को पाकिस्तान के साथ बदसलूकी करार दिया है। एक सीनियर ऑफिसर ने कहा कि हम आईएमएफ के सदस्य हैं, भिखारी नहीं हैं या अगर ऐसा है तो फिर हमारी सदस्यता ही खत्म कर दीजिए। एक और अधिकारी ने कहा कि हालात इस समय बिल्कुल सन् 1998 वाले हैं। उस समय भी पाकिस्तान की आर्थिक स्थितियां बेहद खराब थीं। परमाणु परीक्षणों की वजह से हालात बद से बदतर हो गए थे और देश दिवालिया होने की कगार पर आ गया था।

आईएमएफ के कर्ज प्रोग्राम की जिन चार बिंदुओं को पूरा नहीं किया जा सका है, उनमें सेंट्रल बैंक की ब्याज दर को बढ़ाना शामिल है। विनिमय दर बढ़ाना, विदेशी वित्तीय अंतर को मित्र देशों से पूरा करने का लिखित भरोसा देना और बिजली की कीमतों को प्रति यूनिट 3.39 रुपए प्रति यूनिट तक बढ़ाना शामिल है। इस मूल्य वृद्धि को वित्तीय बिल के जरिए बढ़ाने की बात कही गई है। एक अधिकारी ने इन सभी बिंदुओं को पूरी तरह से अतार्किक करार दिया है।

पाक अधिकारियों ने कहा कि आईएमएफ गरीबों को सार्वजनिक तौर पर मदद करना चाहता है, लेकिन वह ऐसे उपायों पर जोर दे रहा है जिसकी वजह से निश्चित तौर पर कम आय वाले वर्ग पर बुरा असर पड़ेगा। इस निराशा के बाद भी अधिकारियों ने अंदाजा लगाया है कि स्टाफ लेवल एग्रीमेंट अगले हफ्ते किसी नतीजे पर पहुंच सकता है। साथ ही कुछ देशों से भी वित्तीय मदद मिल सकती है। कुछ देशों ने अनुमानित समय ये ज्यादा टाइम ले लिया है। हालांकि इसे स्वीकारने में भी वो हिचक नहीं रहे हैं कि विश्वसनीयता और भरोसे में कमी के अलावा राजनयिक प्रयासों में भी कमी है। इसकी वजह से हालात काफी खराब होते जा रहे हैं।

एक अधिकारी के मुताबिक स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान का विदेशी मुद्राभंडार जून के अंत तक 3.1 अरब डॉलर से बढ़कर 10



अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। सूत्रों की तरफ से बताया गया है कि अथॉरिटीज को 1.3 अरब डॉलर की रकम चीनी बैंकों से तीन किस्तों में मिलने वाली है। इसमें से 700 मिलियन डॉलर पहले ही हासिल हो चुके हैं। इसके बाद 500 मिलियन डॉलर और फिर 300 मिलियन डॉलर की रकम अगले कुछ दिनों में मिलेगी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की तरफ से भी तीन अरब डॉलर से ज्यादा की रकम मिल सकती है।

संपादकीय

# बनें निर्भयी, बनें निर्मोही

हम ऋषि मुनियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए, हम परिग्रह से अपरिग्रह की और अग्रसर होते हुए, अर्थ के प्रति आशक्ति को कम करते हुए, आध्यात्मिक की और अग्रसर होते हुए, नित्य त्याग,तपस्या,स्वाध्याय आदि करते हुए, इस दुर्लभतम मनुष्य जीवन को सार्थक करते हुए हम अपने परम् लक्ष्य की और अग्रसर हों ।क्योंकि इस संसार में हमारा कोई साथी नहीं है ।अगर कोई साथी है तो वह है धर्म ।हमें आकिंचन वृती वाला बनना है । अपरिग्रह धर्म को सही से समझ जीवन में अपनाना है । गृहस्थ जीवन श्रावक अवस्था में हमें परिग्रह परिमाण व्रत लेना चाहिए। श्रावक के लिए परिग्रह परिमाण अणुव्रत और साधु के लिए अपरिग्रह महाव्रत धारण करने के लिए आगम में बताया गया है । जो मुनि सभी प्रकार के परिग्रहों से रहित होकर सुख-दुख के देने वाले कर्म जनित निज भावों को रोककर निश्चिंतता से आचरण करता है उसके आकिंचन धर्म होता है ।आकिंचन धर्म के विपरीत परिग्रह का भाव है। यह मेरा है ऐसा संकल्प रखना परिग्रह है । और मेरा कुछ भी नहीं है ऐसा मानना आचरण करना अपरिग्रह व्रत है। यदि हमारा मन पर नियंत्रण है ,मन पर संयम है तो उत्तम संयम है ।मैं एक अकेली शाश्वत आत्मा हूं । यह जानना और देखना मेरा स्वभाव है ।शेष जो भी भाव हैं वह सब बाहरी हैं और संयोग से उत्पन्न हुए हैं । ऐसा सही से मानकर की कोई भी पदार्थ मेरे नहीं हैं । जीव के नहीं हैं ।यह जीव के आकिंचन का भाव है । निष्परिग्रहत्व का भाव है तो वह विचारता है । मैं अकेला हूं, मैं शुद्ध हूं ,मैं आत्म रूप हूँ । मैं दर्शन ज्ञान रूप हूँ । मैं अन्य किसी भी रूप वाला नहीं हूं। परमाणु मात्र भी मेरा नहीं है ।ऐसा मानने वाला अपरिग्रही ही होता है । क्योंकि मृत्यु की कोई भी तिथि अनुबंधित नहीं है । हम सब खाली हाथ आए है । खाली हाथ ही जाएँगे। यदि हमारी यही भावना रहेगी तो मृत्यु के समय मौत हमें निर्मोही ही पाएगी।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

# कार्बन से ईंधन बनाने की दिशा में बड़ी उम्मीद

**परीक्षणों के दौरान डाइऑक्साइड को सिनगैस में परिवर्तित किया गया जो टिकाऊ तरल ईंधन के लिए एक प्रमुख निर्माण इकाई है। इन्हीं परीक्षणों के दौरान प्लास्टिक की बोतलों को ग्लाइकोलिक एसिड में परिवर्तित किया गया जिसका उपयोग व्यापक रूप से सौंदर्य प्रसाधन उद्योग में उपयोग किया जाता है। रिएक्टर में प्रयुक्त कैटेलिस्ट (उत्प्रेरक) की किस्म को बदलकर इस सिस्टम को विभिन्न उत्पादों का उत्पादन करने के लिए आसानी से बदला जा सकता है। सौर ऊर्जा के उपयोग से प्लास्टिक और ग्रीनहाउस गैसों को उपयोगी और मूल्यवान उत्पादों में बदलना अधिक टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रिसर्च पेपर के वरिष्ठ लेखक प्रोफेसर इर्विन राइसनर ने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग करके कचरे को किसी उपयोगी चीज में बदलना हमारी रिसर्च का एक प्रमुख लक्ष्य है।**



मुकुल व्यास

दुनिया में प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या लगातार गंभीर रूप ले रही है। दूसरी तरफ कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन भी बढ़ रहा है। प्लास्टिक कचरा हमारा पर्यावरण खराब कर रहा है जबकि ग्रीनहाउस गैसें पृथ्वी को गर्म कर रही हैं। दुनिया न तो प्लास्टिक का उपयोग कम कर पा रही है और न ही कार्बन का अधिक उत्सर्जन रोक पा रही है। आने वाले समय में यह समस्या बढ़ने वाली है। इसी को ध्यान में रख कर वैज्ञानिक ऐसे उपाय खोज रहे हैं जिनसे प्लास्टिक और कार्बन को उपयोगी उत्पादों में बदला जा सके। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने एक ऐसा सिस्टम विकसित किया है जो सिर्फ सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करके प्लास्टिक कचरे और ग्रीनहाउस गैसों को टिकाऊ ईंधन और अन्य मूल्यवान उत्पादों में परिवर्तित कर सकता है। कैम्ब्रिज के रिसर्चरों द्वारा विकसित सिस्टम एक ही समय में दो अपशिष्ट पदार्थों को दो रासायनिक उत्पादों में परिवर्तित कर सकता है। सौर ऊर्जा से संचालित रिएक्टर के उपयोग से पहली बार ऐसा संभव हुआ है। यह रिएक्टर कार्बन डाइऑक्साइड और प्लास्टिक को विभिन्न उत्पादों में परिवर्तित करता है जिनका उपयोग कई उद्योगों में हो सकता है। परीक्षणों के दौरान डाइऑक्साइड को सिनगैस में परिवर्तित किया गया जो टिकाऊ तरल ईंधन के लिए एक प्रमुख निर्माण इकाई है। इन्हीं परीक्षणों के दौरान प्लास्टिक की बोतलों को ग्लाइकोलिक एसिड में परिवर्तित किया गया जिसका उपयोग व्यापक रूप से सौंदर्य प्रसाधन उद्योग में उपयोग किया जाता है। रिएक्टर में प्रयुक्त कैटेलिस्ट (उत्प्रेरक) की किस्म को बदलकर इस सिस्टम को विभिन्न उत्पादों का उत्पादन करने के लिए आसानी से बदला जा सकता है। सौर ऊर्जा के उपयोग से प्लास्टिक और ग्रीनहाउस गैसों को उपयोगी और मूल्यवान उत्पादों में बदलना अधिक टिकाऊ अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रिसर्च पेपर के वरिष्ठ लेखक प्रोफेसर इर्विन राइसनर ने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग करके कचरे को किसी उपयोगी चीज में बदलना हमारी रिसर्च का एक प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम जिन प्लास्टिक वस्तुओं को रिसाइक्लिंग डिब्बों में फेंकते हैं उनमें से कई जला दी जाती हैं या वे लैंडफिल में पहुंच जाती हैं। राइसनर कैम्ब्रिज सर्कुलर प्लास्टिक सेंटर का भी नेतृत्व करते हैं जिसका उद्देश्य व्यावहारिक उपायों के साथ प्लास्टिक कचरे को खत्म करना है। सौर ऊर्जा से संचालित दूसरी रिसाइक्लिंग तकनीकें भी प्लास्टिक प्रदूषण और वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा को कम करने की उम्मीद जगाती हैं लेकिन अभी तक उन्हें एक ही प्रक्रिया में संयोजित नहीं किया गया है। पेपर के सह-लेखक शुभजीत भट्टाचर्जी का कहना है कि एक ही समय में प्लास्टिक प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैसों से निपटने वाली सौर-संचालित टेक्नोलॉजी रिसाइक्लिंग तकनीकों पर आधारित अर्थव्यवस्था के विकास में एक गेम-चेंजर हो सकती है। रिसर्चरों ने एक एकीकृत रिएक्टर विकसित किया है जिसमें प्लास्टिक और ग्रीनहाउस गैसों के लिए दो अलग-अलग कम्पार्टमेंट हैं। यह रिएक्टर पेरोवस्काइट नामक खनिज पर आधारित एक प्रकाश अवशोषक का उपयोग करता है। इस पदार्थ को अगली पीढ़ी के सौर सेलों के लिए सिलिकॉन के एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। टीम ने विभिन्न उत्प्रेरक तैयार किए, जिन्हें प्रकाश अवशोषक में एकीकृत किया गया। उत्प्रेरक को बदलकर शोधकर्ता अंतिम उत्पाद को बदलने में कामयाब रहे। सामान्य तापमान और दबाव की स्थिति में रिएक्टर के परीक्षणों से पता चला कि रिएक्टर पीईटी प्लास्टिक की बोतलों और कार्बन डाइऑक्साइड को ग्लाइकोलिक एसिड के अलावा कार्बन मोनोऑक्साइड गैस, सिनगैस या फॉर्मेट जैसे विभिन्न कार्बन-आधारित ईंधन में कुशलतापूर्वक परिवर्तित कर सकता है। कैम्ब्रिज द्वारा विकसित रिएक्टर ने इन उत्पादों का उत्पादन ऐसी दर पर किया जो पारंपरिक प्रक्रियाओं की तुलना में बहुत अधिक है। इस अध्ययन के अन्य सह-लेखक डॉ. मोतियार रहमान के अनुसार कार्बन डाइऑक्साइड को दूसरे उत्पाद में बदलने के लिए आम तौर पर बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है लेकिन इस सिस्टम को सिर्फ प्रकाश दिखा कर हानिकारक उत्पादों को उपयोगी और टिकाऊ उत्पादों में बदला जा सकता है। कैम्ब्रिज के रिसर्चर अभी काफी सरल कार्बन-आधारित मॉलिक्यूल बना रहे हैं,लेकिन भविष्य में उनका इरादा उत्प्रेरक को बदलकर अधिक जटिल उत्पाद बनाने का है। रिसर्चरों को उम्मीद है कि अगले पांच वर्षों में रिएक्टर को और विकसित करके ज्यादा जटिल मॉलिक्यूल्स का उत्पादन किया जा सकेगा। उनका कहना है कि सौर ऊर्जा से चलने वाले रिसाइक्लिंग प्लांट विकसित करने के लिए इसी तरह की तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस बीच, वैज्ञानिकों का एक अन्य दल कार्बन डाइऑक्साइड से ईंधन बनाने के लिए तांबे के उपयोग की संभावना पर विचार कर रहा है। हालांकि 1970 के दशक से वैज्ञानिक जानते हैं कि तांबे में कार्बन डाइऑक्साइड को मूल्यवान रसायनों और ईंधन में बदलने की विशेष क्षमता है। लेकिन कई वर्षों से वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि यह सामान्य धातु इलेक्ट्रोकैटलिस्ट (विद्युत-उत्प्रेरक) के रूप में कैसे काम करती है। यह तंत्र इलेक्ट्रॉनों की ऊर्जा का उपयोग मॉलिक्यूल्स को विभिन्न उत्पादों में बदलने के लिए करता है। अब अमेरिका की लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी के नेतृत्व में एक शोध दल ने इस बात का प्रमाण जुटा लिया है कि तांबे के अत्यंत सूक्ष्म कण किस प्रकार कार्बन डाइऑक्साइड और पानी को एथिलीन और एथेनॉल जैसे ईंधनों और अन्य उपयोगी रसायनों में बदल देते हैं। शोधकर्ताओं ने तांबे के सूक्ष्म कणों की रासायनिक क्रिया की वास्तविक समय की फिल्में भी बनाई हैं। तांबे के सूक्ष्म कण छोटे रासायनिक कारखानों में बदल जाते हैं। नई तकनीक से शोधकर्ता वास्तविक समय में हजारों सूक्ष्म कणों के बीच कई प्रतिक्रियाओं की निगरानी कर सकते हैं और नए उत्पादों की सटीक पहचान कर सकते हैं। बर्कले के वरिष्ठ वैज्ञानिक पीडोंग यांग ने कहा कि यह बहुत ही रोमांचक है। दशकों के काम के बाद हम अंततः यह दिखाने में कामयाब रहे कि तांबे के इलेक्ट्रोकैटेलिस्ट किस प्रकार कार्बन डाइऑक्साइड कम करने में निपुण हैं। इलेक्ट्रोकैटलिस्ट के रूप में तांबे की उत्कृष्ट भूमिका के बारे में जानकर हम कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को नए नवीकरणीय सौर ईंधन में बदलने के करीब पहुंच गए हैं। तांबे के सूक्ष्म कण कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण के लिए डिज़ाइन किए गए कुछ उत्प्रेरकों की ऊर्जा दक्षता और उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण अनुसंधान का एक नया क्षेत्र है जिसका उद्देश्य सूर्य के प्रकाश, पानी और कार्बन डाइऑक्साइड से सौर ईंधन का उत्पादन करना है। शोधकर्ताओं ने भविष्य के सौर ईंधन उपकरणों के डिजाइन में तांबे के सूक्ष्म कणों के उत्प्रेरक का उपयोग करने की योजना बनाई है।

लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के जानकार हैं।

## आज का राशीफल

**मेष** व्यावसायिक समस्या सुलझाने में आप सफल होंगे। वाणी की सौम्यता आपके लिए लाभदायी होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**वृषभ** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें।

**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**सिंह** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। तनाव व टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी।

**कन्या** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके पराक्रम तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**वृश्चिक** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी।

**धनु** व्यावसायिक योजना सफल होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी।

**मकर** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। खान-पान में सावधानी रखें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कुम्भ** पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समय गुजरेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबंध मिलेंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**मीन** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाई या पड़ोसियों से अकारण विवाद हो सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा।

# नेतृत्व के मुद्दे पर असमंजस में फंसी भाजपा

लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है। मगर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के मुद्दे को लेकर लगातार असमंजस में फंसी नजर आ रही है। राजस्थान के आम मतदाताओ को भाजपा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं। इसी दौरान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजस्थान भाजपा के सबसे वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बना कर प्रदेश की सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया है। राजस्थान में अभी विधानसभा का सत्र चल रहा है। सत्र के दौरान ही विपक्ष के नेता को हटाकर भाजपा आलाकमान ने बता दिया है कि पार्टी राजस्थान को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश में भाजपा को नए सिरे से पुनर्गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के चलते कटारिया को राज्यपाल बनाकर असम भेजा गया है। कटारिया के राज्यपाल बनने से खाली हुए नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी अभी तक किसी का मनोनयन नहीं हुआ है। हालांकि नेता प्रतिपक्ष बनने की रेस में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कालीचरण सर्राफ, नरपत सिंह राजवी, जोगेश्वर गर्ग, अनिता भदेल सहित कई वरिष्ठ विधायक शामिल है। मगर अंतिम फैसला भाजपा आलाकमान को ही करना है। आलाकमान जिसका नाम तय करेगा वही नेता प्रतिपक्ष बनेगा। हालांकि नेता प्रतिपक्ष के पद पर भाजपा आलाकमान की पसंद के विधायक का ही चयन किया जाएगा। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अभी भाजपा आलाकमान जिसे नेता प्रतिपक्ष बनाएगा। वही अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व संगठन महासचिव बीएल संतोष अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान लगातार कह चुके हैं कि पार्टी राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम व चेहरे पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी के सभी नेता सामूहिक रूप से एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनायेंगे। चुनाव के बाद विधायकों द्वारा नए नेता का फैसला किया जाएगा। भाजपा आलाकमान की यही बात वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को खटक रही है। उनको लगता है कि जिस तरह से एन चुनाव के पहले गुलाबचंद कटारिया को सक्रिय राजनीति से बाहर कर दिया गया। उसी तरह से उनको भी पार्टी में पावर लेस किया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर वसुंधरा राजे समर्थक खेमा बार-बार उनको नेता घोषित कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है। हालांकि भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों की मनसा से पूरी तरह वाफिक है। इसीलिए किसी एक नेता के नेतृत्व में चुनाव लड़ने से कतरा रही है। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भी गुजरात की तर्ज पर बड़ी संख्या में मौजूदा विधायकों के टिकट काटे जाने की चर्चा चल रही है। इससे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय बहुत से वरिष्ठ नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर चिंता सता रही है। अपनी राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए आलाकमान के राडार पर आए हुए कई भाजपा नेताओं ने तो अंदर खाने दूसरे दलों से भी टिकट लेकर चुनाव लड़ने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक तो खुलकर कह रहे हैं कि हम दूसरे दलों के प्रभावशाली नेताओं का पार्टी में स्वागत करेंगे। कुछ दिनों पहले ही डूंगरपुर से भाजपा के विधायक रहे देवेंद्र कटारा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि भाजपा ने 2018 के चुनाव में खराब परफॉर्मेंस के चलते देवेंद्र कटारा का टिकट काट दिया था। तब कटारा ने निर्दलीय चुनाव लड़कर मात्र 8633 वोट ही प्राप्त किए थे। ऐसे में उनका विशेष जनाधार नहीं बचा है। लेकिन आम आदमी पार्टी तो ऐसे ही नेताओं से अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। राजस्थान भाजपा में इस समय कई गुट बने हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पृष्ठभूमि के नेता हैं और प्रारंभ से ही भाजपा से जुड़े हुए हैं। संभ्रांत छवि के कारण उनकी प्रदेश में शालीन छवि मानी जाती है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष होने के चलते पूरा संगठन ही उनका है। मगर प्रदेश की राजनीति में इस वक्त उनका गुट बहुत मजबूत माना जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पिछले विधानसभा चुनाव में हारने के बाद लगातार पार्टी में हाशिए पर चली गई है। वसुंधरा राजे फिर से मुख्यधारा में आकर पार्टी की कमान संभालने का प्रयास कर रही है। मगर आलाकमान उन्हें तवज्जो देने के मूड में नहीं लग रहा है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाते हैं। इसीलिए उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेजी से आगे बढ़ाया गया है। उन्हें वसुंधरा राजे के विकल्प के तौर पर भी प्रस्तुत किया जा रहा है। मगर संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले में उनका नाम आने से उनकी छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शेखावत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संजीवनी घोटाले में इनके परिवार के लोग शामिल हैं। गजेंद्र सिंह के पिता, इनकी माता जी, इनकी पत्नी, इनके साले पांचों लोग उसमें शामिल हैं। गहलोत ने कहा कि जिस व्यक्ति के ऊपर भयंकर आरोप हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे आदमी को मंत्री बना रखा है। प्रधानमंत्री उनकी जांच करें। गहलोत ने कहा कि संजीवनी घोटाले में पीड़ितों में 80 परसेंट राजपूत हैं। मैंने भगवान सिंह रोलसाबसर से बात की है। वे गजेंद्र सिंह शेखावत के गुरु हैं। मैंने कहा भगवान सिंह जी इसे समझाओ कि पैसा वापस लौटाए। विदेशों के अंदर पता नहीं कितना पैसा लगा रखा है? इथियोपिया, ऑस्ट्रेलिया और भी पता नहीं कितने देशों में गजेंद्र सिंह का पैसा लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री को यह बात क्लियर करनी चाहिए। क्यों नहीं वह ईडी को जांच दिलवा रहे। गहलोत ने कहा कि सीबीआई तो गजेंद्र सिंह और इन लोगों की जेब में है। संजीवनी क्रेडिट कॉपरेटिव सोसाइटी के घोटाले में गहलोत ने गजेंद्र सिंह पर निशाना साधते हुए कहा- आप खुद केंद्रीय मंत्री हैं। यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा वापस दिलवाने के लिए आगे क्यों नहीं आते? अपनी राजस्थान यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 4 महीनों पहले आबू रोड के मानपुर धाम का दौरा किया था। उसके बाद बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम, भीलवाड़ा के मालासेरी धाम का दौरा किया। फिर दोसा में एक्सप्रेस हाईवे का उद्घाटन करने आए। यह सभी क्षेत्र आदिवासी, गुर्जर, मीणा बहुलता वाले क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां कमजोर रही थी। उसी की भरपाई करने के लिए प्रधानमंत्री स्वयं दौरे कर रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री द्वारा इन धार्मिक स्थलों के विकास के लिए कोई घोषणा नहीं किए जाने से लोगों में निराशा है। फिलहाल तो प्रदेश में भाजपा के नेता अपना वर्चस्व जमाने के चक्कर में एक दूसरे को छोटा दिखा रहे हैं। ऐन चुनाव के वक्त इस तरह की हरकतों से भाजपा को आने वाले विधानसभा चुनाव में नुकसान उठाना पड़ सकता है। मगर इन सब से अनजान भाजपा के नेता एक दूसरे की टांग खिंचाई में ही लगे हुए हैं। जो किसी कैडर बेस पार्टी के लिये अच्छी बात नही मानी जा सकती है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

विचार मंथन

# सामाजिक जीवन में धर्म और संस्कृति का महत्व

(लेखक-सनत कुमार जैन)

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जोसेफ ने कहा, कि मैं ईसाई हूं। मुझे हिंदुत्व पर भरोसा है। हिंदू धर्म को कमजोर नहीं करो. यह बात उन्होंने अश्विनी उपाध्याय की याचिका की सुनवाई करते हुए उन्हें सीख के रूप में कही। अश्विनी उपाध्याय ने देशभर के कई शहरों के स्मारकों के नाम बदलने के लिए आयोग गठित करने की याचिका दाखिल की थी। उसमें कहा गया था कि उनके नाम मुस्लिम आक्रांताओं के नाम पर रखे गए हैं। हमें अपनी प्राचीन संस्कृति को ध्यान में रखते हुए नाम बदलने से, संस्कृति का गौरव बढ़ेगा। जस्टिस जोसेफ़ ने कहा कि हम इतिहास को झुठला नहीं सकते हैं। पिछला इतिहास बर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म बहुत उदार है। वह अपने में सभी को समाहित करने की ताकत रखता है। वह किसी से प्रभावित नहीं होता है। हिंदुत्व एक जीवन शैली है, भारत धर्मनिरपेक्ष देश है।

न्यायमूर्ति जोसेफ़ ने हिंदू धर्म के ग्रंथ जिसमें वेद, उपनिषद और भागवत गीता का उल्लेख करते हुए सामाजिक मूल्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, कि उनके ज्ञान का कोई मुकाबला नहीं है। कोई भी इनके अर्थ को कमजोर नहीं कर सकता है। हमें अपनी महानता और उदारता को समझना चाहिए। दुनिया हमेशा भारत के इतिहास से प्रभावित रही है। जोसेफ ने कहा मैं ईसाई हूं, लेकिन हिंदुत्व में उतनी ही रुचि और आस्था रखता हूं। जितनी ईसाई धर्म में रखता हूं।

बिना इतिहास के वर्तमान का जीवन संभव ही नहीं है। यह सभी को समझना होगा। कौरव पांडव का इतिहास है। इसमें अच्छा और बुरा सभी कुछ है। रावण नहीं होते, तो राम का भी भगवान के रुप में कोई अस्तित्व नहीं होता। सनातन के सभी वेद पुराण में ज्ञान और इतिहास कूट कूट कर भरा हुआ है। सही मायने में हम इतिहास को जानकर ही अपना वर्तमान और भविष्य बेहतर बना सकते हैं। इतिहास को नकारकर और केवल कल्पनाओं के आधार पर अपने वर्तमान और भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकते हैं। इतिहास साक्षी है, कि राजा महाराजा अपने भाट रखा करते थे। जो राजा की प्रशंसा में बढ़-चढ़कर उनकी स्तुति को जनता में बताने का काम करते थे। लेकिन यह भाट किसी भी सत्ता या धर्म को ज्यादा दिन तक जिंदा नहीं रख पाए। हिरण्यकश्यप भी अपने आपको भगवान बताता था। जो उसे भगवान नहीं मानता था, उसे मृत्युदंड दे देता था। अपने पुत्र पहलाद को भी मारने की कोई कोर कसर उसने नहीं छोड़ी। होली और दशहरा का उत्सव हमें बुराईयों से बचाता है। इतिहास, अनादि काल से वर्तमान तक की जानकारी से जोड़ने का सबसे बड़ा माध्यम है। इसी से हम सीख लेते हैं। इसी से हम अपने वर्तमान का निर्माण करते हैं। वर्तमान से ही भविष्य का निर्माण करते हैं। जब इतिहास लिखा नहीं जाता था, जब भी एक पीढ़ी अपनी दूसरी पीढ़ी को श्रुति एवं श्रवण के माध्यम से पूर्वजों से मिली हुई जानकारी देकर, उन्हें सामाजिक जीवन एवं मनुष्य जीवन को श्रेष्ठता और वास्तविकता से जोड़कर रखता था। हम इतिहास से सबक लेने के स्थान पर इतिहास से दुर्भाव रखेंगे, तो हमारा वर्तमान और भविष्य दोनों ही बिगड़ेगा। भारतीय संस्कृति महान संस्कृति है। भारतीय सनातन संस्कृति सभी को अपने में आत्मसात करने की क्षमता रखती है। भागवत गीता में भगवान कृष्ण ने वसुधैव कुटुंब और सभी वेद पुराण में प्रकृति के सभी जीवो को भगवान का अंश मानकर सभी को जियो और जीने दो की परिधि में रखा है। इतिहास को लेकर जिस तरीके का दुर्भाव बनाया जा रहा है। इतिहास को विलोपित करने की कोशिश की जा रही है। इससे हम अपनी संस्कृति को नष्ट करने और अपने वर्तमान और भविष्य के पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम कर रहे हैं। इसे समझना होगा, गड़े मुर्दे उखाड़ने से किसी को कोई फायदा नहीं होता है। दुर्भावना को यदि हम आधार बनाकर जीवन जीने की कौशिश करते हैं। इससे दुःख ही मिलता है। वर्तमान और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए वर्तमान स्थिति में जीवन जीना सीखना और भविष्य को बेहतर बनाता है। यही हमारी हिन्दुत्व एवं भारतीय सनातन संस्कृति की विशेषता है।





# सोना महापात्रा ने साधा शहनाज गिल पर निशाना

बॉलीवुड सिंगर सोना महापात्रा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। बीते दिनों सोना ने मीटू के आरोप में घिरे साजिद खान को सपोर्ट करने पर बिग बॉस 13 फेम शहनाज गिल पर निशाना साधा था। हाल ही में शहनाज ने एक प्रोग्राम के दौरान अजान की आवाज सुन अपना गाना रोक दिया था। उन्हें ऐसा करते देख लोगों ने जमकर तारीफ की थी। हालांकि शहनाज का ऐसा करना सोना महापात्रा को बिल्कुल भी पसंद नहीं आया। सोना महापात्रा ने शहजान गिल पर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया था, ट्विटर पर शहनाज का रिस्पेक्ट वाला एक्ट देख मुझे वो बात याद आ रही है जब उन्होंने कई लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने वाले शख्स साजिद खान का खुलेआम समर्थन किया था। अच्छा होता अगर उन्होंने थोड़ी रिस्पेक्ट उस वक्त अपनी बहनों के लिए भी दिखा दी होती। इस ट्वीट के बाद शहनाज के फैंस द्वारा सोना को काफी ट्रोल किया जाने लगा। अब ट्रोलर्स को जवाब देते हुए सोना ने शहनाज पर एक बार फिर निशाना साध दिया है। सोना का कहना है कि शहनाज शॉर्टकट यूज करके पैसा कमाती हैं। सोना महापात्रा ने ट्वीट किया, डियर ट्रोल्स फिर एक बार जैकलीन जैसी एक और एक्ट्रेस की साइड ले रहे हैं। मैं नहीं जानती की शहनाज का खास टैलेंट क्या है। उन्होंने बस एक रिएलिटी शो ही किया है। मैं उन महिलाओं को जानती हूं जो शॉर्टकट के जरिए अच्छा पैसा कमाती हैं। फैंस का कहना है कि सोना महापात्रा शहनाज के नाम पर पॉपुलैरिटी हासिल करने की कोशिश कर रही है। बता दें कि शहनाज गिल को बिग बॉस 13 से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। वह कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुकी है। इसके अलावा शहजान पंजाबी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।

# राष्ट्रवादी फिल्म नहीं है आरआरआर: राजामौली

आरआरआर के निर्देशक एसएस राजामौली ऑस्कर के लिए अमेरिका में हैं और 12 मार्च से पहले विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने में व्यस्त हैं। उन्होंने अब विदेशी मीडिया को एक साक्षात्कार दिया है जहां निर्देशक ने राष्ट्रवादी स्वाद के बारे में बात की है जिसके लिए आरआरआर की आलोचना की गई थी। राजामौली ने कहा कि वह एक बहुत ही धार्मिक परिवार में पले-बढ़े लेकिन वह नास्तिक थे और उनका मानना था कि धर्म अनिवार्य रूप से शोषण है।बाहुबली के निर्देशक ने कहा, किसी भी अतिवादी दृष्टिकोण का मैं विरोध करता हूं। मेरे पास किसी भी तरह का छिपा हुआ एजेंडा नहीं है। मैं उन लोगों के लिए फिल्में बनाता हूं जो फिल्म टिकट पर अपनी मेहनत की कमाई देने को तैयार हैं। मुझे यह पसंद है। उनका मनोरंजन करें, उन्हें पात्रों के बारे में, स्थितियों के बारे में नाटकीय महसूस कराएं, अच्छा समय बिताएं, वापस जाएं और अपना जीवन जिएं। जब मैं एक फिल्म देखने जा रहा हूं, तो मैं जीवन से बड़े चरित्र, जीवन से बड़ी स्थिति, जीवन से बड़ा नाटक देखना चाहता हूं। और यही वह है जो मुझे बनाना पसंद है, उन्होंने समझाया। राजामौली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नातू नातू सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए ऑस्कर जीतेंगे और कहा, हम जमीन तोड़ रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हम बहुत ही शुरुआती, शुरुआती चरणों में हैं। यदि आप (दक्षिण) कोरिया को देखते हैं, उदाहरण के लिए, जिस तरह की पैठ उन्होंने बनाई है। हमें (सभी भारतीय फिल्म निर्माताओं को) ऐसा करने की आकांक्षा रखनी चाहिए।






# अनन्या पांडे ने निर्देशक विक्रमादित्य मोटवाने की थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी की

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2, गहराइयां और लाइगर जैसी फिल्मों के लिए पहचानी जाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे ने हाल ही में अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म की शूटिंग पूरी की है। फिल्म का निर्देशन सेक्रेड गेम्स, उड़ान और लुटेरा फेम फिल्मकार विक्रमादित्य मोटवाने ने किया है। मोटवाने ने कहा कि वह अभिनेत्री के प्रशंसक और दोस्त हैं। दोनों ने निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अनन्या ने अपने प्रशंसकों और फॉलोअर्स के साथ खबर साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की और अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। अनन्या ने कहा, फिल्म की शूटिंग खत्म हुई। मोटवाने मैं आपको कभी भी धन्यवाद नहीं दे सकती, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मैं आपको हमेशा खुश और गौरवान्वित करना जारी रखूंगी और इस टीम के हर एक सदस्य के लिए, जिन्होंने इस जादुई फिल्म के लिए काफी मेहनत की है। मैं आप लोगों से बहुत प्यार करती हूं और मैं दुनिया को फिल्म देखने का ज्यादा इंतजार नहीं करा सकती। थ्रिलर फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में प्रवेश कर चुकी है। प्रभावशाली कलाकारों और चालक दल के साथ, फिल्म को साल की सबसे प्रत्याशित रिलीज में से एक माना जा रहा है।

# कंगना ने बॉलीवुड माफिया पर साधा निशाना

बॉलीवुड की धाकड़ गर्ल कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के चलते अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। उन्हें जो बात कहनी होती है मुंह पर कहती हैं..किसी की परवाह नहीं करतीं। अब हाल ही में कंगना ने एक के बाद एक ट्वीट से कई एक्टर और एक्ट्रेसेज पर निशाना साधा है और बॉलीवुड माफिया को लेकर ऐसी बात कही, जिसे सुनकर लोग हैरान हो रहे हैं। कंगना ने अपने हालिया ट्वीट में लिखा, भिखारी फिल्म माफिया ने मेरे एटीट्यूड को मेरा घमंड कहा, क्योंकि मैंने दूसरी लड़कियों की तरह हंसी-ठिठोली करना, आइटम नंबर करना, शादियों पर नाचना, रात को बुलाए जाने पर हीरोज के कमरे में जाना, इन सबके लिए साफ मना किया। उन्होंने मुझे पागल घोषित कर दिया और मुझे जेल भेजना चाहा। उन्होंने आगे लिखा, ये एक एटीट्यूड है या दृढ़ता? खुद को सुधारने की जगह वो मुझे सुधारने चले हैं। चक्कर ये है कि मुझे अपने लिए कुछ भी नहीं चाहिए, मैंने अभी अपना सब कुछ गिरवी रखकर एक फिल्म बनाई है। राक्षसों का सफाया होगा और उन्हें सजा मिलेगी, कोई भी मुझपर आरोप नहीं लगा सकता। कंगना के ये ट्वीट खूब वायरल हो रहे हैं और यूजर्स कमेंट कर इन पर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।

काम की बात करें तो कंगना रनौत जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में नजर आएंगी। इस फिल्म में एक्ट्रेस पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात तो यह है कि फिल्म में लीड रोल करने



# ऋतिक रोशन की वजह से मनोज बाजपेयी ने डांस करने का सपना छोड़ दिया था

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी, जिन्हें गैंग्स ऑफ वासेपुर, सत्या, अलीगढ़, द फैमिली मैन जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है, उन्होंने बताया कि उन्हें वास्तव में डांस करने का शौक था और जब तक उन्होंने बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन का डांस नहीं देखा, तब तक पर्दे पर डांसर के रूप में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के बारे में सोचा। अभिनेता, जो जल्द ही शर्मिला टैगोर के साथ आगामी स्ट्रीमिंग फिल्म गुलमोहर में दिखाई देंगे, हाल ही में चैट शो द बॉम्बे जर्नी एक्स संडे ब्रंच में दिखाई दिए। गायन के प्रति अपने लगाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, चूंकि मैं थिएटर से हूं, इसलिए शर्त हुआ करती थी कि कलाकार को गाना सीखना चाहिए। मैं नाचता भी था। मनोज ने खुलासा किया कि वह प्रशिक्षित छऊ डांसर है। मैं छऊ डांस में ट्रेंड हूं पर जब मैंने ऋतिक को देखा तो मैंने सोचा आज से डांसिंग का ख्वाब बंद। अब ये नहीं सीख सकता मैं। गुलमोहर, जिसमें अभिनेता सूरज शर्मा भी हैं, शर्मिला टैगोर की एक दशक से अधिक समय के बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। फिल्म 3 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# परियों जैसी शादी मेरी आदर्श इच्छा है



टीवी अभिनेत्री काजल चौहान, जो इस समय धारावाहिक मेरी सास भूत है में गौरा की भूमिका निभा रही हैं, ने परियों की कहानी वाली शादी और जीवन साथी के बारे में अपनी इच्छा साझा की। उन्होंने कहा मैं एक साधारण परीकथा शादी का सपना देखती हूं, जिसमें मुझे एक परी-जैसा लंबा गाउन पहनने को मिलता है जो सुंदर दुल्हन की पोशाक में मेरी उपस्थिति को पूरा करता है, जहां पहाड़ों और फव्वारों के बीच प्रकृति को गले लगाने वाले जंगल में अविस्मरणीय दिन होता है। बहुत सारे रंगीन फूलों और सजावट के साथ बड़ा दिन, जहां जुगनुओं की चमक इसे रोमांटिक बना देती है और हमारे दोनों परिवारों, दोस्तों आदि की उपस्थिति में विशेष दिन को प्रभावित करती है। मोल्की की अभिनेत्री ने आगे बताया कि उन्हें किस तरह का साथी चाहिए और वह उनमें क्या गुण देखना चाहती हैं। उसी के बारे में बात करते हुए, उन्होंने आगे कहा - एक परियों की कहानी की शादी की लालसा की तरह, मैं भी आदर्श जीवन साथी की आशा और इच्छा करती हूं, कोई ऐसा जो मेरे परिवार का सम्मान करता है, उसे महत्व देता है, और सबसे ज्यादा प्यार करता है और मुझे जानता है कि मैं कौन हूं। क्योंकि मुझमें थोड़ी बचकानी भावना है, मेरा भावी साथी हमारे रिश्ते को समझने और संतुलित करने के लिए पर्याप्त परिपक्व होना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक आजीवन साथी की इच्छा रखती हूं जो सभी को शामिल करने वाला, दयालु, हर्षित और मेरी खुशी का स्रोत हो। फिलहाल, मेरी शादी करने की कोई योजना नहीं है, क्योंकि मैं अपने काम में बहुत व्यस्त हूं और अपने करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं, लेकिन जब समय आएगा, मैं परी की तरह शादी करना चाहती हूं। मेरी सास भूत है बांग्ला ड्रामा चुन्नी पन्ना का आधिकारिक रीमेक है। कहानी क्रमशः काजल चौहान और सुष्मिता मुखर्जी द्वारा चित्रित गौरा और रेखा के इर्द-गिर्द घूमती है।



# सैयामी खेर, आर बाल्की की स्पोर्ट्स ड्रामा घूमर में निभाएंगी पैरा एथलीट की भूमिका

सैयामी खेर जल्द ही आर बाल्की की घूमर में नज़र आएंगी, जो एक भावनात्मक और प्रेरक स्पोर्ट्स ड्रामा है। सैयामी एक पैरा एथलीट, क्रिकेट कौतुक की भूमिका निभा रही हैं। हालाँकि वह क्रिकेट खेलते हुए बड़ी हुई, लेकिन यह भूमिका विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि सैयमी एक पैरा एथलीट की भूमिका निभाई रही है, जिसके किरदार में ढलने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी। सियामी कहती हैं, मैं घूमर में बाएं हाथ के गेंदबाज की भूमिका निभा रही हूं और वास्तविक जीवन में, मैं दाएं हाथ की खिलाड़ी हूं। मैं एक वास्तविक जीवन में पैरा एथलीट के किरदार में ढलने के बारे मै कभी सोच भी नही सकती थी, लेकिन यह छोटी-छोटी बाधाओं को भी मुझे एक एथलीट होने के नाते दूर करना था, और मुझे उन चीजों की याद दिला दी जो हम अपने जीवन में नज़र अंदाज करते हैं। घूमर के लिए तैयारी और फिल्मांकन ने मेरी आंखें इस तरह खोलीं कि मैंने कभी नहीं सोचा था। यह एक शारीरिक और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण समय था, लेकिन मेरा संघर्ष उन नायकों की तुलना में बहुत कम था, जो पैरा एथलीटों के रूप में इतने सारे खेलों में भाग लेकर हमारे देश को गौरवान्वित करते हैं।

घूमर, जिसके 2023 में रिलीज़ होने की उम्मीद है, एक खेल प्रतिभा के बारे में एक फिल्म है और इसमें अभिषेक बच्चन, अंगद बेदी और शबाना आज़मी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिषेक उनके कोच की भूमिका में हैं और अंगद बेदी उनके प्रेमी की भूमिका में हैं। फिल्म, जो वर्तमान में पोस्ट प्रोडक्शन के चरण में है, राहुल सेनगुप्ता और ऋषि विरमानी के साथ बाल्की द्वारा सह-लिखित है, और दो ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले हंगरी के दिवंगत दाएं हाथ के निशानेबाज केरोली टकाक्स की कहानी से प्रेरित है। जी दूसरे हाथ के गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी उन्होंने बाएं हाथ से स्वर्ण पदक जीता।



# काजल अग्रवाल ने मैटरनिटी ब्रेक के बाद शुरू की इंडियन 2 की शूटिंग

साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। बीते साल वह एक बेटे की मां बनी थीं। अब मैटरनिटी ब्रेक के बाद वह अपने काम पर वापस आ चुकी हैं। दरअसल, काजल अब कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी है। दरअसल, काजल ने ट्विटर पर फिल्म के सेट से एक तस्वीर साझा की। हालांकि, उन्होंने फिल्म में अपने लुक का खुलासा नहीं किया। तस्वीर में काजल ने अपने चेहरे को इमोजी की मदद से छुपा लिया है। उन्होंने यह जानकारी दी है कि वह इंडियन 2 की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। कैप्शन में उन्होंने इंडियन 2 का हैशटैग लगाया है। बता दें कि काजल अग्रवाल मदरहुड का आनंद ले रही थीं। वह अपने परिवार और बच्चे के पालन-पोषण में व्यस्त थीं। अब दो साल बाद वह कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 में काम करेंगी।




## अदानी ग्रुप की 4 कंपनियों के शेयरों में उछाल, अदानी एंटरप्राइजेज में 14.7 फीसदी की तेजी

### सेबी अदानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों की कर रही जांच

**नई दिल्ली ।** पिछले कई दिनों से अदानी ग्रुप की कंपनियों के लगातार गिर रहे शेयरों में बुधवार को गिरावट थमी है। अदानी ग्रुप की 9 कंपनियों में से 7 कंपनियों के शेयर बुधवार को हरे निशान में बंद हुए हैं। 4 कंपनियों के स्टॉक्स में बुधवार को अपर सर्किट लगा। वहीं, अदानी एंटरप्राइजेज का शेयर 14.7 फीसदी उछल गया है। मीडिश ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडेनबर्ग के अदानी ग्रुप पर लगाए गए आरोपों की जांच कर रहे मार्केट रेगुलेटर सेबी (सेबी) को अब तक कोई गड़बड़ी नहीं मिली है। गौतम अदानी की अगुवाई वाले अदानी समूह के लिए बड़ी राहत की बात है। मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार ब्लूमबर्ग ने 28 फरवरी को अपनी एक खबर में बताया कि सेबी दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रहा है। इस मामले से वाकिफ अंदरूनी सूत्रों के अनुसार अब तक सेबी को कोई अनियमितता नहीं मिली है। हालांकि, इस बारे में सेबी ने अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार सेबी अदानी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के अनुपालन और उनके शेयरों की ट्रेडिंग के सभी पहलुओं की जांच कर रहा है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि सेबी के इस कदम को औपचारिक जांच नहीं समझा जाना चाहिए। कई दिनों की गिरावट के बाद बुधवार को अदानी समूह की 9 कंपनियों में से 7 कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। अदानी एंटरप्राइजेज का शेयर आज बीएसई पर 14.60 फीसदी की तेजी के साथ 1368.50 रुपये पर पहुंच गया। एसीसी में 2.38 फीसदी की तेजी रही और यह 1734.70 पर बंद हुआ। इसी तरह अदानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 5 फीसदी बढ़त दर्ज की गई। अदानी पोर्ट और एसईजेड 4.98 फीसदी उछला। अदानी पावर का शेयर भी आज हरे निशान में बंद हुआ है। इस स्टॉक में आज 4.98 फीसदी का उछाल आया। इसी तरह अदानी विल्मर का शेयर 5 फीसदी तेजी के साथ 361.40 रुपये के स्तर पर बंद हुआ है। अंबुजा सीमेंट का स्टॉक भी बुधवार को 3.76 फीसदी की तेजी के साथ 342.10 रुपये के स्तर पर बंद हुआ है। आज अदानी टोटल गैस के शेयर ने गिरावट के साथ क्लोजिंग दी है। यह शेयर 4.99 फीसदी की गिरावट के साथ 680.20 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह अदानी ट्रांसमिशन का शेयर भी पांच फीसदी गिरकर 642.55 रुपये पर बंद हुआ है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई ।**

मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में से उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने के कारण आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 448.96 अंक करीब 0.76 फीसदी की बढ़त के साथ ही 59,411.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 146.95 अंक ऊपर आकर 0.85 फीसदी बढ़त के साथ ही 17,450.90 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही पिछले आठ कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान संसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एसबीआई, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के शेयरों में बढ़त आई। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट आई। इससे पहले आज सुबह बाजार उछाल के साथ खुला। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों और खरीददारी से बाजार में ये उछाल आया है। इससे पहले के सत्र गिरावट के रहे हैं। आज घरेलू निवेशकों के सकारात्मक रुख से बाजार को बल मिला है। बाजार खुलते ही निवेशकों ने खरीदारी शुरु कर दी। वहीं पिछले दो सत्र में बाजार में गिरावट हावी रही थी। आज कारोबार में सबसे जे यादा तेजी धातु शेयरों में रही। इस इंडेक्स में करीब 2 फीसदी का उछाल आया। वहीं निफ्टी मीडिया और एफएमसीजी क्षेत्र में आज गिरावट रही। निवेशकों ने आज शुरुआत से ही अडानी इंटरप्राइजेस, हिंडाल्को, टाटा स्टील, अडानी पोर्ट और एमएंडएम जैसी कंपनियों के शेयरों की खरीददारी की। इससे ये सबसे ज्यादा लाभ वाले शेयरों में आ गये। दूसरी ओर अपोलो हॉस्पीटल , ब्रिटेनिया, एचडीएफसी लाइफ, टाटा कंज्यूमर और एसबीआई लाईफ इंश्यूरेंस जैसी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी रही और ये सबसे नुकसान वाले शेयर बन गये। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया बढ़त के साथ बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया आठ पैसे बढ़कर 82.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.48 पर खुला। वहीं कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव की तुलना में आठ पैसे की बढ़त के साथ ही 82.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.36 के उच्चस्तर और 82.61 के निचले स्तर पर पहुंचा। वहीं गत कारोबारी सत्र में रुपया 82.58 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.39 फीसदी कम होकर 104.45 पर कारोबार कर रहा था। वहीं ब्रेंट क्रूड वायदा 0.41 फीसदी कम होकर 83.11 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 4,559.21 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वृहद आर्थिक मोर्चे पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर घटकर 4.4 प्रतिशत रह गई है।

## भारत का राजकोषीय घाटा बढ़कर हुआ 11.91 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली ।** चालू वित्तवर्ष के पहले 10 महीनों में राजकोषीय घाटा बढ़कर 11.91 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो कि 2022-23 के पूरे वर्ष के लक्ष्य का 67.8 प्रतिशत था। लेखा महानियंत्रक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़े में यह जानकारी दी गई। पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए राजकोषीय घाटा पिछले वित्तवर्ष के लक्ष्य का 58.9 प्रतिशत था। सरकार ने केंद्रीय बजट में 2022-23 के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को 16.61 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 17.55 लाख करोड़ रुपये कर दिया था। 2022-23 की अप्रैल-जनवरी अवधि के लिए कुल राजस्व प्राप्तियां 19.76 लाख करोड़ रुपये थीं, जो कि 2022-23 के संशोधित बजट अनुमान 24.32 लाख करोड़ रुपये का 81.3 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान, कुल प्राप्तियां बजट अनुमान का 88.5 प्रतिशत थीं। जनवरी 2023 को समाप्त 10 महीने की अवधि के लिए शुद्ध कर राजस्व 16.89 लाख करोड़ रुपये था, जो पूरे वित्तवर्ष के लक्ष्य का 80.9 प्रतिशत है। एक साल पहले की अवधि के दौरान, शुद्ध कर राजस्व एकत्र किया गया था जो वार्षिक लक्ष्य का 87.7 प्रतिशत था। 2022-23 में जनवरी तक कुल खर्च 31.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो 2022-23 के लक्ष्य का 75.7 फीसदी है। केंद्र सरकार ने 2022-23 के अप्रैल और जनवरी के बीच विनिवेश के माध्यम से 31,123 करोड़ रुपये जुटाए, जो चालू वित्तवर्ष के संशोधित लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये का 62 प्रतिशत है। अप्रैल-जनवरी की अवधि में केंद्र की बाजार उधारी बढ़कर 10.05 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो चालू वित्तवर्ष के लक्ष्य का 84 प्रतिशत है।

## देशभर में हाइपरवैल्यू ई-कॉमर्स में तेज़ी लाने के मकसद से विभिन्न उत्पादों को किफायती कीमतों पर पेश करने पर ज़ोर

**बेंगलुरु ।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ रहे हाइपर-वैल्यून ई-कॉमर्स प्ले टफार्म शॉप्सीर बाय फ्लिपकार्ट ने आज ब्रैंड एंबैसडर सारा अली खान के साथ अपना नया कैम्पेरन शुरू किया है। इस कैम्पेडन के जरिए किफायती कीमतों और खासतौर से किफायती पेशकश पसंद करने वाले लोगों के लिए विस्तृनत प्रोडक्टक रेंज पर ज़ोर दिया गया है। इस टीवीसी को तैयार करते समय प्रमुख प्रेरणा यह रही है कि भारतीय परिवारऔरपैरेंट्स अक्सपर बच्चोंह द्वारा शॉपिंग पर अधिक खर्च करने पर काफी गुस्साट करते हैं। लेकिन यह कैम्पेटन इस गलत धारणा को तोड़ता है कि शॉपिंग हमेशा खर्चीली होती है। सच तो यह है कि शॉप्सी पर ऑनलाइन शॉपिंग न सिर्फ काफी किफायती होती है बल्कि यह विभिन्नि प्रोडक्ट कैटेगरीज़ जैसे कि कुर्तियों, साड़ियों, घड़ियों और होम प्रोडक्ट्सह पर बेहतर कीमतों का लाभ भी दिलाती है। कैम्पेकन में सारा अली खान शॉप्सीप को भारत के खरीदारों की किफायती शॉपिंग डेस्टिनेशन के तौर पर प्रचारित कर रही हैं।

इस कैम्पेन का कन्सेकप्टग लियो बर्नेट ऑर्चर्ड ने तैयार किया है और कैम्पे न के तौर पर विज्ञापन फिल्मद भी उन्होंने ही बनयी है जो ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान परिवार के सदस्योंन के आपसी इंटरेक्शोस पर केंद्रित है, और इसके जरिए आम भारतीयों के व्य वहार को दर्शाया गया है।

कैम्पेशन के बारे में, आदर्श मेनन, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं हैड न्यू बिज़नेस, फ्लिपकार्ट ने कहा, ''शॉप्सी में हमारी निरंतर कोशिश ऐसा शॉपिंग अनुभव दिलाने की रहती है जिसमें किफायती कीमतों, विस्तृदत सलेक्शिन और देशव्यापिी उपलब्धीता के साथ-साथ नवीनतम रुझानों तथा ग्राहकों की बदलती पसंद का भरपूर ध्यामन रखा गया हो। अपने ग्राहकों की जरूरतों की गहरी समझ रखते हुए, 'आज शॉप्सीख किया क्या'कैम्पे न दरअसल, असल जिंदगी का आईना है और दिखलाता है कि कैसे शॉप्सी पर खरीदारी करने वाले ग्राहकों के परिवार के सदस्यन यह जानकर हैरान रह जाते हैं कि इस प्लेरफार्म पर न सिर्फ कई प्रोडक्टप कैटेगरीज़ में ढेरों उत्पाहद हैं बल्कि वे काफी कम कीमतों पर भी उपलब्धि हैं।''




इस नए कैम्पेधन के लिए शॉप्सीज के साथ पार्टनरशिप के बारे में, सारा अली खान ने कहा, ''शॉप्सीह के टीवीसी में एक पर्सनल टच है जो हर भारतीय घर-परिवार की रग को छूता है। मैं एक बार फिर शॉप्सी के साथ पार्टनरशिप करते हुए खुशी महसूस कर रही हूं और उन्हें ऐसे टीवीसी के जरिए भारतीय ग्राहकों के लिए वैल्यूक-शॉपिंग का अनुभव प्रदान करने के और नज़दीक जाते देखना सुखद अहसास से भर देने वाला अनुभव रहा है जिससे हर कोई खुद को जोड़ सकता है।'आज शॉप्सी किया क्याह?'कैम्पेअन भारतीय परिवारों के रोज़मर्रा के वार्तालापों से गूंज रहा है। मुझे यकीन है कि इस टीवीसी को देखने के बाद दर्शक निश्चित रूप से शॉप्सीग एप पर उपलब्धक प्रोडक्टक रेंज को और खंगालने के लिए प्रेरित होंगे।''

पिछले छह महीनों के दौरान, दक्षिण और पश्चिम क्षेत्रों में प्लेलटफार्म पर बिकने वाली यूनिटों में 1.8ङ्गबढ़त दर्ज की गई है, और देश के टियर 2 एवं टियर 3 शहरों का योगदान 70त्नरहा है। शॉप्सीक ने देश के नए टियर 2 शहरों और अन्यर छोटे शहरों में भी अपनी पहुंच बनायी है जिनमें उखरुल (मणिपुर), रेसुलबेलपाड़ा (मेघालय), प्रतापनगर (उत्तंराखंड), दापोरिजो (अरुणाचल प्रदेश) आदि शामिल हैं, और इस तरह कम सेवा-प्रासत ग्राहकों के लिए डिजिटल कॉमर्स की संभावनाओं को यहां 'अनलॉक'किया गया है।

## यूलु ने बजाज से मिलकर लॉन्च किए नए इलेक्ट्रिक स्कूटर, एवन तकनीक से है लैस

**बैंगलुरु ।** कर्नाटक की राजधानी बैंगलुरु स्थित युलु बाइक्स प्राइवेट लिमिटेड ने बजाज ऑटो के साथ पार्टनरशिप के तहत मिरेकल जीआर और डीएक्स जीआर एडिशन को लॉन्च किया है। इन एडिशन को बनाने में प्रयोग हुए पुर्जे को स्थानीय रूप से तैयार किया गया है। ये नए स्कूटर्स एवन एलईडी टेक्नालाजी द्वारा संचालित होंगे। कंपनी का कहना है कि इन स्कूटर्स को खासतौर पर भारतीय कंज्यूमर्स, क्लाइमेट और सड़क की स्थिति को देखकर किया गया है। दावा किया जा रहा है कि ये इन नए इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से ज़्यादा रेंज और परफार्मेंस हासिल की जा सकती है। इस मौके पर युलु के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित गुप्ता ने कहा कि बजाज ऑटो के साथ हमारी साझेदारी इस सामान्य दृष्टि से पैदा हुई थी और यह लॉन्च शेयर्ड मोबिलिटी स्पेस में मार्केट लीडर के रूप में हमारी स्थिति को और मजबूत करेगा। वहीं अनुज तिवारी, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) ने कहा कि वर्तमान में फर्म बैंगलुरु, दिल्ली और मुंबई में अपने किराये के मॉडल का संचालन कर रही है और जल्द ही एक खुदरा मॉडल लॉन्च करने पर भी विचार कर रही है, जो अभी भी प्रगति पर है।

## बादाम की अच्छाईयों के साथ मनाएं रंगों का त्यौहार

बसंत ऋतु के आगमन के साथ, पूरे देश में लोग साल के सबसे खुशनुमा उत्सवों में से एक ङ्क रंगों के त्यौहार, होली की तैयारियों में व्यस्त हो गए हैं। बसंत के आगमन का स्वागत करने और सर्दियों का मौसम समाप्त होने के मौके पर हर साल होली मनाई जाती है। यह त्यौहार एक बहुत ही आनंदपूर्ण अनुभूति लेकर आता है। यह मौका होता है गुलाल और रंगों के साथ एक दूसरे को सराबोर करने का, रंगों से भरे जीवन की प्रकृति में खो जाने और जश्नप मनाने का। इस मौके पर परिवार के मेलजोल के कार्यक्रम होते हैं, एक दूसरे को उपहार दिए जाते हैं और साथ में होता है स्वादिष्ट भोजन! हम सिर्फ रंगों के साथ उत्सव नहीं मनाते, लेकिन इसके साथ ही हमारी प्लेट पर होते हं विभिन्न रंगों और स्वाद के व्यंजन। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ बनाए जाते हैं। हालांकि, इसका एक नुकसानदेह पहलू यह है कि लोग उत्साह के इस माहौल में बह जाते हैं और अनहेल्दी स्नैक्स और खाद्य पदार्थों का हद से ज़्यादा सेवन कर लेते हैं, जिसका आने वाले समय में उनकी सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

इस साल, नई शुरूआत का उत्सव मनाते हुए चलिए एक अधिक सेहतमंद होली की योजना बनाते हैं। हम लोग त्यौहार के दौरान क्या खा रहे हैं, इसके बारे में अधिक सतर्कता बरत सकते हैं और अनहेल्दी स्नैक्स की बजाय बादाम का विकल्प चुन सकते हैं। बादाम सेहतमंद और पौष्टिक होते हैं और होली के जश्न में इसे आसानी से शामिल किया जा सकता है, चाहे हमारे दोस्तों और परिवार के सदस्यों के लिए दिए जाने वाले उपहार हों, परंपरागत पकवान हों या त्यौहार के एक भाग के रूप में परोसे जाने वाले स्नैक्स हों। बादाम जैसे प्राकृतिक रूप से फ्लेवर्ड नट्स का एक गिफ्ट देने का विकल्प



कोई भी व्यक्ति चुन सकता है। बादाम को एक अच्छे स्वास्थ्य के उपहार के रूप में जाना जाता है जो विटामिन ई, प्रोटिन , राइबोफ्लेविन, मैंगनीज़, फोलेट इत्यादि सहित 15 पोषक तत्वों का एक प्राकृतिक स्त्रोत है। कई वर्षों के वैज्ञानिक शोध से यह प्रदर्शित हुआ है कि बादाम का नियमित सेवन हृदय स्वास्थ्य, त्वचा स्वास्थ्य , डायबिटीज़ और वज़न प्रबंधन के मामलों में विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान करता है।

## जूमकार ने ग्राहकों को सेल्फ ड्राइव सर्विस देने टाटा ग्रुप व विस्तारा से की पार्टनरशिप

**नई दिल्ली ।** कार शेयरिंग प्लेटफॉर्म जूमकार ने बुधवार को टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम विस्तारा के साथ साझेदारी की घोषणा की। ग्राहक अब विस्तारा वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग करते समय जूमकार से सेल्फ-ड्राइव कारों की एक विस्तृत पसंद का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि विस्तारा के ग्राहक अब जूमकार के साथ अपनी सेल्फ ड्राइव कार बुक कर सकते हैं और सीवी प्वाइंट्स अर्जित कर सकते हैं। इस सहयोग के तहत, विस्तारा के ग्राहक बुकिंग के समय खर्च किए गए प्रत्येक 100 रुपये पर 5 सीवी पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। जूमकार के सीईओ और सह-संस्थापक ग्रेग मोरन ने कहा कि अपने मेहमानों के लिए इनोवेटिव, मोबिलिटी सॉल्यूशंस लाने के लिए विस्तारा के साथ साझेदारी कर हमें खुशी हो रही है। देश भर के ग्राहकों के लिए विश्वसनीय यात्रा भागीदार के रूप में, हम इस साझेदारी में शानदार तालमेल देख रहे हैं। क्लब विस्तारा के सदस्य 31 मार्च तक जूमकार रेंटल के साथ अपनी पहली बुकिंग पर 100 रुपये खर्च करने पर 5 सीवी पॉइंट्स तक और 15 प्रतिशत तक की अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं। जूमकार उभरते हुए बाजारों में कार शेयरिंग के लिए अग्रणी मार्केटप्लेस है, जिसके भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और मिस्र में इसके प्रौद्योगिकी-संचालित प्लेटफॉर्म पर 20 हजार से अधिक कारें हैं। 2013 में स्थापित और बेंगलुरु में मुख्यालय जूमकार 300 से अधिक लोगों को रोजगार देता है।

## आने वाले दिनों में एयरटेल का मोबाइल टैरिफ महंगा हो सकता

### साल के मध्य में हो सकता हैं इजाफा

**नई दिल्ली । (एजेंसी)**

आप यदि एयरटेल मोबाइल फोन यूज करते हैं, तब आपको सतर्क हो जाना चाहिए। आने वाले दिनों में मोबाइल टैरिफ महंगा हो सकता है। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल इस साल के मध्य में टैरिफ बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। इसके संकेत एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने दिए है। एयरटेल के चेयरमैन मित्तल ने बताया कि एयरटेल इस साल सभी प्लान की रेट्स बढ़ाने पर विचार कर रही है। कंपनी ने पिछले महीने ही अपने मिनिमम रिचार्ज या 28 दिन की मोबाइल फोन सेवा स्कीम के शुरुआती स्तर के प्लान की कीमत 99 रुपये से करीब 57 प्रतिशत बढ़ाई थी। अब यह 155 रुपये हो गई है। सुनील भारती मित्तल ने कहा कि वोडाफोन आइडिया की जो हालत है, इसके बाद देश में एक और वोडाफोन आइडिया को झेलने का जोखिम नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार और रेगुलेटर इस हालात से पूरी तरह वाकिफ हैं। इसके बाद हमें ऐसी मजबूत टेलीकॉम कंपनियों की जरूरत है जो नए टेक्नोलॉजी में निवेश कर सकें, ग्रामीण इलाकों में शानदार कवरेज दे सकें। मित्तल ने बताया कि इस वर्ष के मध्य में मोबाइल टैरिफ बढ़ाई जा सकती है।




यह बढ़ोतरी किसी एक सर्किल में नहीं बल्कि सभी जगह पर होगी।

कमजोर तबकों पर कीमत बढ़ोतरी के असर को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मित्तल ने कहा कि दूसरी चीजों के दाम में हुई बढ़ोतरी के मुकाबले मोबाइल रेट में इजाफा कम ही हुआ है। शायद उनका यह कहना था कि जब कमजोर तबके के लोग 35 रुपये किलो आटा खरीद कर खा सकते हैं, तब फिर बढ़े टैरिफ को भी वहन कर सकते हैं।

## टाटा ग्रुप की बिसलेरी के साथ डील में फंसा पेंच

### बिस्लेरी ने जितने पैसों का अनुमान लगाया था टाटा देने को तैयार नहीं

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी मिनिरल वॉटर डील को बड़ा झटका लगता हुआ दिखाई दे रहा है। यह डील टाटा ग्रुप और बिस्लेरी इंटरनेशनल के बीच चल रही थी, जो अब अटक गई है। देश की सबसे बड़ी बोतल बंद पानी बेचने वाली कंपनी बिस्लेरी को खरीदने के लिए टाटा ग्रुप सामने आया था। दोनों के बीच काफी एडवांस बातचीत हो गई थी। बिस्लेरी ने जितने पैसों का अनुमान लगाया था वो टाटा देने को तैयार नहीं हो रहा है। दोनों कंपनियों के बीच कंपनी की वैल्यूएशन को लेकर बात अटक गई है। मीडिया रिपोर्ट में बात सामने आई है कि दोनों कंपनियों के बीच डील को लेकर बातचीत बंद हो गई है। टाटा और बिस्लेरी के रिप्रेंजेटेटिव अपनी-अपनी वैल्यूएशन को लेकर अड़ गए हैं। ताज्जुब की बात तो ये है कि दोनों ही पक्षों की बातचीत काफी एडवांस लेवल पर पहुंच गई थी और ट्रांजेक्शन के स्ट्रक्चर पर बातचीत हो रही थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिस्लेरी के प्रमोटर्स इस इस डील से एक अरब डॉलर मिलने की उम्मीद कर रहे थे। इस डील को तब झटका लगा जब दोनों ही कंपनियां वैल्यूएशन पर तैयार नहीं हुई। सूत्रों की मानें तो टाटा ग्रुप और बिस्लेरी के बीच फिर से बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं बिस्लेरी को खरीदने के लिए दूसरी कंपनियां भी सामने आ सकती हैं। टाटा और बिस्लेरी दोनों की ओर से किसी तरह का कमेंट करने से इनकार कर दिया है। बोतलबंद मिनरल वॉटर पर बिस्लेरी का भारत के 60 फीसदी मार्केट पर कब्जा है। बिस्लेरी की वेबसाइट के अनुसार जयंतीलाल चौहान ने 1949 में सॉफ्ट ड्रिंक्स मेकर पार्ले ग्रुप की स्थापना की थी। साल 1969 में इटली के कारोबारी से बिस्लेरी को खरीदा था।

## NOPE ने भारत में स्मार्ट गैजेट्स और मोबाइल एक्सेसरीज की पहली रेंज लॉन्च की

NOPE ने भारत में स्मार्ट गैजेट्स और मोबाइल एक्सेसरीज की पहली रेंज लॉन्च की है। एनओपीई एक स्वदेशी ब्रांड है जो न्यूजीलैंड के लिए उच्च प्रदर्शन वाले गैजेट और स्मार्ट वियरेबल्स देने पर केंद्रित है। ब्रांड आज के युवाओं के मूल्यों को अच्छी तरह समझता है। NOPE ने भारत में स्मार्ट गैजेट्स और मोबाइल एक्सेसरीज की पहली रेंज लॉन्च की है। एनओपीई एक स्वदेशी ब्रांड है जो न्यूजीलैंड के लिए उच्च प्रदर्शन वाले गैजेट और स्मार्ट वियरेबल्स देने पर केंद्रित है। ब्रांड आज के युवाओं के मूल्यों को अच्छी तरह समझता है। NOPE की यूएसपी इसकी निर्माण सुविधाओं में निहित है और यह अपनी निर्माण इकाइयों से 100त्न स्वदेशी बनने पर केंद्रित है। इतना ही नहीं इसका डिजाइन भी आकर्षक है

NOPE ने OEM (मूल उपकरण निर्माता) है। यह अपने स्वयं के उत्पादों का निर्माण करता है और किसी तीसरे पक्ष के विक्रेता से सोर्सिंग उपकरण या उत्पादों को जोड़ने पर निर्भर नहीं करता है। NOPE ने पहले दिन से ही गुणवत्ता नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसे उद्योग में अन्य समान खिलाड़ियों से ब्रांड के लिए प्रमुख विभेदकों में से एक माना जाता है।

NOPE ने अपने आगमन को एक मायावी उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ चिह्नित किया जिसमें एनओपीई फ्लैगशिप नेकबैंड सहित उत्पादों की एक आशाजनक श्रृंखला शामिल है। जिसमें जेम वायरलेस ईयरफोन, ब्लूटूथ स्पीकर 'बूम' और ब्लूटूथ




स्पीकर के साथ इको, नियो अलग-अलग वेरियंट में शामिल हैं। TWS ईयरबड्स जिन्हें फ्रेंड्स एंड शॉट्स कहा जाता है, 'बज़' पर ध्यान केंद्रित करते हैं - युवा और जीवंत ऑडियो प्रेमी मिलेनियल्स।

NOPE नेकबैंड और ईयरबड्स में टच कंट्रोल के साथ-साथ टच कंट्रोल और टाइप सी फास्ट चार्जिंग, गूगल असिस्टेंट और सिरी सपोर्ट जैसे 13 मिमी ड्राइवर जैसी कुछ अनूठी विशेषताएं हैं। एनओपीई में स्मार्ट गैजेट्स और मोबाइल एक्सेसरीज की एक विस्तृत श्रृंखला भी है। इनमें स्मार्ट वॉच फिट बैंड के साथ यूएसबी चार्जर, यूएसबी और टाइप सी चार्जिंग केबल, कार चार्जर, पावर बैंक और वायरलेस चार्जर शामिल हैं। बॉट, नॉइज़ और मिवी एनओपीई जैसे खिलाड़ियों से भरी श्रेणी में, ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वितरण नेटवर्क और वितरक-केंद्रित दृष्टिकोण पर जोर दिया जाता है। 15 ब्रांड भागीदारों के साथ 370+ वितरक, जिनकी 30,000+ खुदरा बिंदुओं तक एकीकृत पहुंच है।

## कई देशों में चिकन-मटन से भी महंगा प्याज

### पाकिस्तान में 250 रुपए तो फिलीपींस में 1200 रुपए प्रति किलो में प्याज

**नई दिल्ली ।**

दुनिया के कई देश इस समय महंगाई की मार झेल रहे हैं। खाने-पीने की चीजें इतनी महंगी हो गई हैं कि जनता पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। श्रीलंका, पाकिस्तान के बाद अब महंगाई के लिस्ट में फिलीपींस का नाम भी शामिल हो गया है। फिलीपींस में इस समय सबसे ज्यादा प्याज लोगों के आंसू निकाल रहा है। फिलीपींस में अप्रैल 2022 की तुलना में प्याज की कीमत अब 1000 रुपए से ज्यादा हो गई है। इतना ही नहीं, देश में महंगाई का दर करीब 14 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फिलीपींस में एक किलो प्याज के दाम अब 800 पेसो पर पहुंच गया है। अगर भारतीय रुपए में इसे देखें तो ये करीब 1200 रुपए हो जाती है। फिलीपींस में प्याज की कीमतों में यह तेजी 10 महीने में देखने को मिली है। अप्रैल 2022 में एक किलो प्याज 70 पेसो (105 रुपए) में मिल रहा था। यहां प्याज की कीमतें चिकन और मटन से ज्यादा होने से लोगों का जायका खराब हो गया है। लोगों ने प्याज खाना कम कर दिया है। सरकार प्याज की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। रिपोर्ट के अनुसार फिलीपींस सरकार ने 21 हजार टन प्याज के आयात को मंजूरी दी है। आर्थिक तंगी की बड़ी मार झेल रहे पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों में भी प्याज की कीमतें आसमान छू रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में प्याज 250 रुपए प्रति किलो बिक रहा है तो वहीं श्रीलंका में दिसंबर 2022 में ये 320 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई थी। प्याज के दाम अमेरिका में लगभग 240 रुपए प्रति किलो, कनाडा में करीब 190 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं।

**भारत में प्याज के दामों में आ रही गिरावट**

जहां अन्य देशों में प्याज की कीमतें बढ़ रही हैं, वहीं भारत में प्याज की कीमतों में गिरावट आ रही है। महाराष्ट्र में शनिवार को एपीएमसी में 2,404 क्विंटल प्याज पहुंचा और इसके दाम न्यूनतम 351 रुपए, अधिकतम 1,231 रुपए और औसत 625 रुपए प्रति क्विंटल रहे। महाराष्ट्र में प्याज की गिरती कीमतों पर किसान काफी परेशान हैं और उन्होंने मांग की है कि सरकार इसे तुरंत 15 सौ रुपए प्रति क्विंटल प्याज का अनुदान घोषित करना चाहिए और उनकी उपज को 15 रुपये से 20 रुपये प्रति किलोग्राम पर खरीदना चाहिए।




## राहुल के बाद अब विराट का नंबर !

**इंदौर ।** पहले दो टेस्ट मैच में खराब प्रदर्शन की गाज आंखिरकार सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल पर गिरी है और उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया है। राहुल पिछले काफी समय से फार्म में नहीं थे। राहुल के बाहर होने के बाद अब अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली निशाने पर आ गये हैं। राहुल का औसत काफी कम था। वहीं विराट ने भी पिछली 15 टेस्ट पारियों में केवल एक अर्धशतक लगाया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में भी वह 22 रन ही बना पाये थे। राहुल को 10 टेस्ट पारियों में नाकाम होने के बाद बाहर करने की मांग उठने लगी थीं। वहीं विराट की पिछली 15 टेस्ट पारियों की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 79 रन पारी को छोड़ दें तो वह एक भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाये हैं। . इसके अलावा वह श्रीलंका के खिलाफ 45 रन की पारी ही खेल पाये थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस सीरीज की बात करें तो नागपुर के पहले टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में 12 रन बनाए थे। वहीं दिल्ली टेस्ट की पहली पारी में 44 और दूसरी पारी में 20 रन बनाए। इंदौर में कठिन समय में उनसे बड़ी पारी की उम्मीद थी पर वह असफल रहे। अगर यही हाल रहा तो प्रबंधन उनकी जगह किसी अन्य बल्लेबाज को अवसर दे सकता है।

# ऑस्ट्रेलिया को मिली 47 रनों की बढ़त

### भारतीय टीम के 109 रनों के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने बनाये चार विकेट पर 156 रन

**इंदौर ।(एजेंसी)**

भारतीय टीम बुधवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरु हुए तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 109 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद बल्लेबाजी करते हुए मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट पर 156 रन बना लिए थे। इस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई टीम को 47 रनों की बढ़त मिल गयी है। दिन का खेल समाप्त होने के समय पीटर हैंडसकोंब सात और कैमरुन ग्रीन छ रनों पर खेल रहे थे। मेहमान टीम की ओर से सबसे अधिक 60 रन उस्मान ख्वाजा ने बनाये। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 26 जबकि मार्नस लैबुसेंग ने 31 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हैड 9 रन ही बना पाये। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी शुरु की। भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसके बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के सामने टिक नहीं पाये। भारतीय टीम ने इस मैच में सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल की जगह पर शुभमन गिल को शामिल किया। शुभमन ने 21 रन बनाये। भारतीय टीम की आर से सबसे ज्यादा 22 रन विराट कोहली ने बनाये। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्पिनर मैथ्यू कुह्नमैन ने 5 विकेट झटके जबकि नाथन लायन ने 3 विकेट लिए। इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम कंगारु स्पिनरों का सामना करने में विफल रही। भारतीय टीम की ओर से अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सबसे अधिक 22 रन बनाये जबकि अन्य खिलाड़ी विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। कुहनेमैन ने 16 रन देकर ये विकेट लिए। वहीं ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 35 रन पर तीन विकेट लिए। भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम ने 44 रनों पर ही 4 विकेट खो दिये। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (12), शुभमन गिल (21), चेतेश्वर पुजारा (एक) और रविंद्र जडेजा (4) रनों पर पेवेलियन लौटे। इस मैच में भारतीय टीम में दो बदलाव किए गए हैं। लोकेश राहुल और मोहम्मद शमी की जगह शुभमन गिल और उमेश यादव को टीम में शामिल किया गया है।



# जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में मचेक को हराया

**दुबई ।(एजेंसी)**




सर्बिया के शीर्ष वरीयता प्रात खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में जीत से शुरुआत की है। जोकोविच ने इस मुकाबले में चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचेक को 6-3 3-6 7-6 से हराया। यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद जोकोविच का पहला मुकाबला था। 22वां एकल ग्रैंडस्लैम जीतने वाले जोकोविच को इस टूर्नामेंट में परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। दूसरे सेट गंवाने के बाद वह तीसरे सेट में 4-1 से आगे थे पर इसके बाद मचेक ने अच्छी वापसी करते हुए निर्णायक सेट को टाईब्रेकर तक खींचा। जोकोविच ने टाईब्रेकर में विरोधी खिलाड़ी को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं अगले दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर से खेलने वाले जोकोविच ने इस सत्र में सभी 13 मुकाबले जीते हैं। वह लगातार 18 जीत दर्ज कर चुके हैं। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में 378 सप्ताह शीर्ष पर रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार सबसे अधिक समय तक नंबर एक पर रहने के स्टेफी ग्राफ के रिकार्ड को भी तोड़ा था। ग्राफ डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 377 हफ्ते तक शीर्ष पर रहीं थी। एक अन्य मुकाबले में तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने भी माटियो अर्नाल्डी को 6-4 6-2 से हराकर लगातार 10वीं जीत हासिल की। इसके अलावा फेलिक्स ऑगर आलियासिम ने मैक्सिम क्रेसी को 7-6 3-6 6-3 से हराया।

## सचिन और अंजलि ने बिल गेट्स से मुलाकात की



**मुंबई ।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपनी पत्नी अंजलि तेंदुलकर के साथ ही माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से मुलाकात की है। सचिन ने गेट्स के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीरें भी सोशल मीडिय ट्विटर पर साझा कीं है। इन तस्वीरों में सचिन के साथ ही उनकी पत्नी अंजलि भी हैं। पूर्व क्रिकेटर ने इसके साथ ही लिखा, हम सभी जीवनभर के लिए छात्र हैं। आज बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित परोपकार पर दृष्टिकोण हासिल करने का और सीखने का एक शानदार अवसर था, जिस पर हमारा फाउंडेशन काम करता है। सचिन का यह फाउंडेशन बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहायता करता है। उन्होंने कहा, विचारों को साझा करना दुनिया की चुनौतियों को हल करने का एक शक्तिशाली तरीका है। गेट्स, आपकी अंतर्दृष्टि के लिए धन्यवाद। सचिन उस समूह का हिस्सा थे, जिसने गेट्स के साथ चर्चा में भाग लिया था। बात चली कि कैसे परोपकारी प्रयास सार्थक साझेदारी को प्रेरित कर सकते हैं और दुनिया पर स्थायी प्रभाव डाल सकते हैं। इस बैठक का आयोजन बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा किया गया था, जो दुनिया भर में विभिन्न सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर काम करता है।

# डब्ल्यूपीएल: मुंबई इंडियंस की कप्तान बनीं हरमनप्रीत कौर

**मुंबई, (एजेंसी)**

मुंबई इंडियंस ने बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सीजन से पहले भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपनी महिला टीम का कप्तान घोषित किया। हरमनप्रीत हाल ही में समाप्त हुए महिला टी20 विश्व कप 2023 में भारत के अभियान का नेतृत्व करते हुए 150 टी20 मैच खेलने वाली पहली क्रिकेटर बनीं। हरमनप्रीत के नाम महिला विश्व कप में नॉकआउट मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2017 महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 171 रन बनाए थे। उन्होंने कहा, हम हरमनप्रीत को मुंबई इंडियंस की पहली महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के रूप में पाकर रोमांचित हैं। राष्ट्रीय कप्तान के रूप में, उन्होंने भारतीय महिला टीम को उनकी सबसे रोमांचक जीत में से कुछ का नेतृत्व किया है।उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि चार्लोट और झूलन के समर्थन के साथ, वह हमारी एमआई महिला टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने और गौरव दिलाने के लिए प्रेरित करेंगी।फ्रेंचाइजी की मालिक रिलायंस इंडस्ट्रीज की निदेशक नीता अंबानी ने कहा, हम एमआई के लिए इस नए अध्याय की शुरूआत के लिए उत्सुक हैं। मैं अपनी खिलाड़ियों को क्रिकेट के निडर और मनोरंजक एमआई ब्रांड को खेलते देखने का इंतजार नहीं कर सकती, जिसे हमारे प्रशंसक पसंद करते हैं। हरमनप्रीत मुंबई की मौजूदा मुख्य कोच चार्लोट एडवर्डस के खिलाफ खेल चुकी हैं। साथ ही कप्तानी मेंटर और गेंदबाजी कोच झूलन गोस्वामी के साथ खेल चुकी हैं। वह दुनिया के अन्य हिस्सों में टी20 लीग में खेलने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी हैं। झूलन और चार्लोट के अलावा, मुंबई में क्रमशः देविका पलशिकर और लिडिया ग्रीनवे भी बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच हैं।




### संक्षिप्त समाचार



## होल्कर स्टेडियम जैसी पिचें टेस्ट क्रिकेट के लिए ठीक नहीं : हेडन

**इंदौर ।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच की आलोचना करते हुए कहा है कि इस प्रकार की पिचें टेस्ट क्रिकेट के लिए सही नहीं हैं। हेडन ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय टीम टॉस जीतकर बेहद कम रनों पर सिमट गयी वह हैरान करने वाला रहा। हेडन ने कहा, टेस्ट में ऐसा होना नहीं चाहिए कि स्पिनर छठे ओवर में ही गेंदबाजी करने आ जाए। यही कारण है कि मुझे ऐसी पिचें पसंद नहीं आती हैं। पहले दिन गेंद इतनी नीची नहीं रहनी चाहिए और उसे इतना टर्न नहीं मिलना चाहिए। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इस टेस्ट को कौन सी टीम जीतती है। धर्मशाला को तीसरे टेस्ट के लिए सही नहीं पाये जाने के बाद इंदौर को इस मैच की मेजबानी मिली है। उन्होंने कहा कि स्पिनरों के लिए गेंद आमतौर पर 2.5 डिग्री टर्न करती है जबकि नई दिल्ली में यह 3.8 डिग्री था वहीं इंदौर में यह टर्न 4.8 डिग्री पहुंच गया। हेडन ने कहा, यही कारण है कि मुझे ऐसी पिचों के साथ परेशानी है। एक स्पिन गेंदबाज को छठे ओवर में गेंदबाजी करने के लिए नहीं आना चाहिए। 4.8 डिग्री भारी टर्न है। इतना टर्न आम तौर पर तीसरे दिन में ही होता है। उन्होंने कहा, आपको बल्लेबाजों को भी अवसर देना चाहिए। पहला और दूसरा दिन बल्लेबाजी के लिए होना चाहिए। मैदान केवल स्पिन गेंदबाजों के लिए ही नहीं होना चाहिए और खेले इतनी तेजी से नहीं आगे बढ़ना चाहिये।

## बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेलकर विकेट गंवाए : गावस्कर

**इंदौर ।** भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे टेस्ट के पहले ही दिन जिस प्रकार ऑस्ट्रेलियाई स्पिन आक्रमण के सामने ढ़ेर हुई है उससे ये अंदेशा लगाया जा रहा है कि ये मैच भी तीन दिन ही चले। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि बल्लेबाजी ने खराब शॉट खेलकर अपने विके गंवाये हैं। भारत की आधी टीम 11.2 ओवर में केवल 45 रन पर ही सिमट गयी थी। सभी 9 विकेट स्पिनर्स को मिले जबकि एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। स्पिनर मैथ्यू कुन्हेमैन ने पांच जबकि ऑफ स्पिनर नाथन लायन ने तीन विकेट लिए। ऐसे में इस टेस्ट के भी तीन दिन में ही समाप्त होने की संभावनाएं हैं। भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा 22 रन विराट कोहली ने बनाए। वहीं शुभमन गिल ने 21 रन बनाये। पहले दो टेस्ट नागपुर और दिल्ली में तीन दिनों में ही समाप्त हुए। अब लग रहा है कि तीसरा टेस्ट भी तीन दिन ही चलेगा। यहां पहले सत्र में स्पिनर्स को 4.9 डिग्री का घुमाव मिला। यह अब तक हुए तीनों टेस्ट में सबसे अधिक है जबकि नागपुर में पहले दिन पहले सेशन में 2.5 और दिल्ली में 3.8 डिग्री का घुमाव मिला था। गावस्कर ने कहा कि पहले 5 में से 4 विकेट बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेलकर गंवाए। इसमें रोहित शर्मा, चेतेश्वर पुजारा, रवींद्र जडेजा और श्रेयस अय्यर के विकेट शामिल हैं। रोहित शर्मा बाएं हाथ के स्पिनर पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में स्टंप हुए। वहीं पुजारा बैकफुट पर शॉट खेलते हुए बोल्ड हुए। इसके बाद जडेजा शॉट खेलते हुए कैच आउट हुए जबकि श्रेयस अय्यर भी बैकफुट पर शॉट खेलते हुए बोल्ड हुए।

# संतोष ट्रॉफी : पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे मेघालय के कोच ने कहा, हम जीत चुके हैं

**(एजेंसी)**

मेघालय फुटबॉल टीम ने संतोष ट्रॉफी के लिए राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहली बार प्रवेश किया है। अब टीम बुधवार को यहां किंग फहद इंटरनेशनल फुटबॉल स्टेडियम में सेमीफाइनल में पंजाब की मजबूत टीम से भिड़ेगी।जब खिलाड़ी उस मैदान पर कदम रखेंगे, जिस पर लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे दिग्गज खेले हैं और जो पिछले साल विश्व कप में खेली सऊदी अरब की राष्ट्रीय टीम का घरेलू मैदान है, तो खिलाड़ियों को थोड़ा नर्वस होगा।हालांकि, एक चीज है जो मेघालय के मुख्य कोच खलेन सिमलिह को जानी-पहचानी लगती है। उन्होंने कहा कि जैसा मौसम उनके राज्य की राजधानी शिलांग में इस समय है, वैसा ही महसूस हो रहा है।टीम दो दिन पहले ही यहां पहुंची है और परिस्थितियों से अभ्यस्त हो रही है।

खलेन ने मंगलवार को यहां मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, यहां की स्थिति मेघालय के शिलांग जैसी ही है। इसलिए मेरा मानना है कि यह मेरे खिलाड़ियों के लिए कोई बड़ी समस्या नहीं होगी।मेघालय संतोष ट्रॉफी के 76वें संस्करण की छुपा रुस्तम टीम है, क्योंकि उसने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सभी को चौंका दिया था। खलेन ने कहा कि उनके खिलाड़ी ज्यादा दबाव में नहीं होंगे, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचना उनके लिए जीत के समान है।

कोच ने कहा, इस बार हमारी टीम की तैयारी बहुत अच्छी है। पहले दौर से लेकर अब तक के अंतिम दौर तक। हम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। यह हमारे लिए अपने आप में एक जीत की तरह है। कल, हम पंजाब के खिलाफ सेमीफाइनल सऊदी अरब में खेलेंगे। इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है। मेघालय के सामने एक बड़ी चुनौती है, जब वे पंजाब से भिड़ेंगे, जो संतोष ट्रॉफी के आठ बार के चैंपियन हैं। वे राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में एक समृद्ध इतिहास रखते हैं।उनके कप्तान फुलमून मुखिम ने कहा कि उनके खिलाड़ियों के लिए यह मायने नहीं रखेगा कि वे विदेशी धरती पर दर्शकों के साथ या बिना दर्शकों के खेल रहे हैं। इस मैच खातिर रियाद पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय की है।



## मिशेल को डीआरएस नहीं लेने से हुआ नुकसान

**इंदौर ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को भारत के साथ यहां खेले जा रहे तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन डीआरएस नहीं लेने से नुकसान हुआ। मिशेले के पहले ही ओवर में दो बार भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा आउट थे पर स्टार्क ने कप्तान स्टीव स्मिथ से बात करने के बाद डीआरएस नहीं लिया। पहले ही ओवर की पहली ही गेंद रोहित के बल्ले ले लगकर विकेटकीपर एलेक्स कैरी के पास पहुंची। कैरी ने कैच पकड़ लिया पर स्टार्क ने अपील तो की लेकिन डीआरएस नहीं लिया। इसी ओवर की चौथी गेंद पर एक बार फिर गेंद रोहित के पैड पर जाकर लगी। यहां भी मिशेल स्टार्क ने जोरदार अपील की पर इस बार भी डीआरएस नहीं लिया। इन दोनों ही अवसरों पर रोहित आउट थे। पहली बार बल्ले का किनारा था तो यहां गेंद स्टंप्स पर लगते दिखी। टीवी रिप्ले देखने के मेहमान टीम को अपनी गलती पता चली हालांकि रोहित इसका लाभ नहीं उठा पाये और बड़ी पारी नहीं खेल सके।

## अभिनेत्री कियारा महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी

**मुम्बई ।(एजेंसी)**

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहली बार खेले जाने वाले महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी। बीसीसीआई महिला क्रिकेट के विकास के लिए महिला प्रीमियर लीग का आयोजन करार रही है। इसका पहला मुकाबला 4 मार्च को यहां गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा। महिला आईपीएल के लिए नीलामी फरवरी 2023 को मुंबई में हुई थी। इसमें 1,500 खिलाड़ियों ने अपना नाम दर्ज कराया था। इसमें हर टीम को खर्च करने के लिए 12 करोड़ रुपए दिये गये थे। 12 खिलाड़ी अपने ही देश के जबकि 6 खिलाड़ी विदेशी खरीदे जा सकते थे। बल्लेबाज स्मृति मंधाना इस लीग में 3.40 करोड़ रुपए के साथ ही सबसे महंगी खिलाड़ी हैं।

**प्रीमियर लीग में भाग लेंगी ये पांच टीमें।**

दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात जायंट्स, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और यूपी वॉरियर्स।




# बिस्माह मारूफ ने पाकिस्तान महिला टीम की कप्तानी छोड़ी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)**

पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ ने बुधवार को यह कहते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया कि वह युवा साथियों के लिए जगह बनाना चाहती हैं।बिस्माह ने ट्वीट किया, मेरे लिए टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। अब, मुझे लगता है कि यह बदलाव का सही समय है। एक युवा कप्तान को तैयार करने का मौका है। मैं टीम और टीम की सहायता, मार्गदर्शन और समर्थन करने के लिए हमेशा मौजूद रहूंगी। दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के समापन के ठीक बाद कप्तान के रूप में पद छोड़ने का उनका फैसला आया, जहां पाकिस्तान की महिला खिलाड़ी ने निराशाजनक प्रदर्शन किया, अपने चार ग्रुप स्टेज मैचों में से उसे तीन में हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख नजम सेठी ने बुधवार को बिस्माह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। सेठी ने ट्वीट किया, मैंने पाकिस्तान महिला राष्ट्रीय टीम की कप्तान मारूफ बिस्माह का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। वह एक युवा सहयोगी के लिए रास्ता बनाना चाहती हैं। लेकिन खुशी की बात है कि वह पाकिस्तान के लिए खेलना जारी रखेंगी और अपने देश का नाम रोशन करेंगी।इससे पहले, न्यूजीलैंड में वनडे विश्व कप 2022 में पाकिस्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नेतृत्व की प्रगति पर सवाल उठाए गए थे, जहां उन्होंने लीग चरण से बाहर होने के लिए अपने सात राउंड-रॉबिन मैचों में से केवल एक जीता था। हालांकि, पीसीबी ने मारूफ पर भरोसा दिखाया और उन्हें 2022-23 सीजन के लिए कप्तान बनाए रखा।बिस्माह एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने 62 टी20 और 34 वनडे मैचों में अपनी टीम की कप्तानी की है। 2016 के टी20 और 2017 के वनडे विश्व कप से टीम के बाहर, सना मीर द्वारा सभी प्रारूपों में पद छोड़ने के बाद उन्हें कप्तानी की भूमिका दी गई थी।




## आईओसी ने ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज की घोषणा की



**लुसाने।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय संघों (आईएफएस) और खेल प्रकाशकों के सहयोग से बनाई गई एक वैश्विक आभासी और सिम्युलेटेड खेल प्रतियोगिता, ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज 2023 की घोषणा की। ओलंपिक ईस्पोर्ट्स सीरीज 2023 में दुनिया भर के पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के खिलाड़ी शामिल होंगे, जिन्हें कई चुनिंदा खेलों में क्वालीफिकेशन राउंड में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। प्रारंभिक रूप से पुष्टि किए गए विशेष रूप से नौ खेलों में तीरंदाजी (टिक टैक बो), बेसबॉल, शतरंज, साइक्लिंग , डांस (जस्टडांस), मोटरस्पोर्ट (ग्रैन टुरिस्मो), सेलिंग (वर्चुअल रेगाटा), ताइक्वांडो (वर्चुअल ताइक्वांडो) और टेनिस (टेनिस क्लैश) शामिल हैं।

# गुजरात में विपक्षी कांग्रेस और आप के 19 विधायक विधानसभा से एक दिन के लिए निलंबित




**गांधीनगर ।** गुजरात में एक फर्जी प्रशिक्षु पुलिस उप-निरीक्षक के सरकार द्वारा संचालित पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट किया। इसके बाद कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के 19 विधायकों को विधानसभा से एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

कांग्रेस ने इसे युवाओं के भविष्य से जुड़ा मुद्दा बताते हुए इस पर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग की थी, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया। इसके बाद सदन में मौजूद कांग्रेस के 16 विधायकों और आप के तीन विधायकों ने विरोध स्वरूप वॉकआउट किया।

गुजरात के विधायी और संसदीय मामलों के मंत्री ऋषिकेश पटेल ने एक दिन के लिए इन सदस्यों के निलंबन को लेकर एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें दावा किया गया कि विपक्षी विधायकों ने ''पूर्व नियोजित रणनीति के तहत तख्तियां लहराई और नारे लगाए। तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार का प्रस्ताव पारित हो गया, जिसमें कांग्रेस और आप के 19 विधायकों को ''हंगामा करने, नारेबाजी करने और बहिर्गमन करने पर एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया।

दरअसल मयूर तड़वी नाम के एक व्यक्ति को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गांधीनगर के पास करई गांव में पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में प्रशिक्षु पुलिस उप-निरीक्षक (पीएसआई) के रूप में प्रशिक्षण लेते पकड़ा गया था।

मामले की अब तक की जांच से पता चला है कि तड़वी ने पीएसआई के रूप में अपने चयन का फर्जी पत्र तैयार किया और एक महीने पहले प्रशिक्षु के रूप में करई स्थित अकादमी में प्रवेश किया। हालांकि, जब 582 प्रशिक्षुओं के लिए वेतन बिल तैयार किए जा रहे थे, तब अधिकारियों ने पाया कि चयनित उम्मीदवारों की सूची में तड़वी का नाम नहीं था, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया।

कांग्रेस ने ''अत्यावश्यक लोक महत्व के मामले से संबंधित विधानसभा के नियम 116 के तहत मंगलवार को सदन में चर्चा के लिए एक नोटिस दिया था, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ विधायक अमित चावड़ा ने घटना को ''गंभीर बताते हुए बुधवार को ही चर्चा की मांग की। चावड़ा ने कहा कि ऐसे कई अन्य लोग हो सकते हैं जिन्होंने इस तरह अवैध तरीकों से अकादमी में प्रवेश किया हो। चौधरी ने उनकी मांग को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वह नियमों को दरकिनार नहीं कर सकते हैं और उन्हें नियम 116 के तहत अपने जवाब के साथ आने के लिए संबंधित मंत्री को कम से कम दो दिन का समय देना होगा। कांग्रेस विधायकों ने आज ही चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी और तख्तियां लहराईं।

उन्होंने गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी का इस्तीफा भी मांगा और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से स्पष्टीकरण भी मांगा। अपने जवाब में मुख्यमंत्री पटेल ने कांग्रेस की मांग की निंदा की और कहा कि उनकी सरकार हर तरह की अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण लगाने में सक्षम है।


# पांच महीनों से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

**सूरत।** सूरत एसओजी पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जिले के हलधरू गांव में रेड कर एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया डॉक्टर पिछले 5 महीने से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा था। पुलिस ने क्लीनिक से एलोपेथी दवाईयां समेत अन्य साधन सामग्री भी जब्त कर ली। दरअसल सूरत एसओजी पुलिस को सूचना मिली थी कि कामरेज तहसील के हलधरु गांव की सीमा स्थित वीके रेसिडेन्सी की दुकान नंबर 2 में मां काली नामक क्लीनिक चल रहा है। क्लीनिक चलाने वाले 23 वर्षीय दिलीप नारायण विश्वास के पास डॉक्टर की कोई डिग्री नहीं है और क्लीनिक चलाने का कोई लाइसंस है। बगैर किसी डिग्री और लाइसंस के क्लीनिक चला रहा दिलीप विश्वास पिछले पांच महीनों से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड कर रहा है। दिलीप विश्वास लोगों को ना सिर्फ एलोपेथी दवाईयां देता है बल्कि इंजेक्शन भी लगाता है। सूचना के आधार पर सूरत जिला एसओजी पुलिस ने वलण पीएचसी की टीम के साथ दिलीप विश्वास के क्लीनिक पर रेड की। पुलिस ने क्लीनिक से दिलीप विश्वास को गिरफ्तार कर लिया। क्लीनिक की जांच में पुलिस को दिलीप विश्वास के पास से कोई



डिग्री या प्रमाण पत्र नहीं मिला। पुलिस ने क्लीनिक से एलोपेथिक दवाईयां, इंजेक्शन और अन्य साधन-सामग्री समेत रु. 5298 का सामान जब्त कर लिया। फर्जी डॉक्टर ने पूछताछ में बताया कि वह पिछले 5 महीने से मां क्लीनिक नाम से बतौर डॉक्टर प्रेक्टिश कर रहा था। पुलिस ने फर्जी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

# श्री श्याम मंदिर, सुरतधाम में तीन दिवसीय फाल्गुन मेला का आज से होगा आगाज़



**सूरत भूमि, सूरत।**

वेसु में वीआईपी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर, सुरतधाम में रंग-रंगीले फाल्गुन माह के उपलक्ष में तीन दिवसीय फाल्गुन मेले का आयोजन आज से श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा किया जायेगा । इस मौके पर मंदिर को दुल्हन की तरह रंग-बिरंगी रौशनी से सजाया गया है एवं बाबा श्याम, सालासर दरबार एवं शिव परिवार का आलौकिक श्रृंगार किया गया है । इस मौके पर बाबा श्याम को छप्पन भोग का प्रसाद परोसा जायेगा, जिसका वितरण भक्तों को किया जायेगा ।

ट्रस्ट ने बताया की आयोजन में दो मार्च गुरुवार को मंदिर प्रांगण पर शाम पांच बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा, जिसमे स्थानीय गायक कलाकार के अलावा कोलकाता से आमंत्रित गायक कलाकार विवेक शर्मा (जीतू) भजनों की प्रस्तुति देंगे एवं एकादशी के अवसर पर 3 मार्च, शुक्रवार को शाम पांच से आयोजित भजन संध्या में स्थानीय गायक कलाकारों के अलावा कोलकाता से आमंत्रित गायक कलाकार जयशंकर चौधरी भजनों की प्रस्तुति देंगे । फाल्गुन उत्सव में चार मार्च, शनिवार को शाम छः बजे से राजस्थानी कलाकारों द्वारा चंग धमाल पर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी ।

इस खास मौके पर 3 मार्च, शुक्रवार को मंदिर के पट सम्पूर्ण रात्रि खुले रहेंगे । चार मार्च, शनिवार को द्वादशी के उपलक्ष में मंदिर प्रांगण में सुबह आठ बजे से भक्तों द्वारा जात-जडूला किया जायेगा एवं बाबा श्याम को धोक लगाई जायेगी । द्वादशी के उपलक्ष में बाबा श्याम को खीर-चूरमा का भोग लगाया जायेगा एवं भक्तों को वितरित किया जायेगा । इस अवसर पर मंदिर के पट सम्पूर्ण दिन खुले रहेंगें । श्याम मंदिर पर आयोजित फाल्गुन मेले में सूरत ही नहीं अपितु सूरत के आस-पास के भक्त भी बाबा के दर्शन करने के लिए सुरतधाम आयेंगें ।

हजारों निशान चढ़ेंगे - फाल्गुन मेले के उपलक्ष में एकादशी 3 मार्च को सूरत की अनेकों धार्मिक संस्थाओं, सोसायटियों एवं परिवारों द्वारा निशान यात्रा का आयोजन सूरत शहर में किया जायेगा । सभी निशान यात्रा में शामिल भक्त यात्रा के साथ श्याम मंदिर आयेंगें एवं बाबा को निशान अर्पण करेंगे । इस मौके पर करीबन तीस हज़ार से ज्यादा भक्त बाबा श्याम को निशान अर्पण करेंगें ।

सभी तैयारी पूरी - फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के लिए ट्रस्ट द्वारा सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है । भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा । सभी व्यवस्थाओं के सफल संचालन के लिए दो सौ से अधिक कार्यकर्ता सेवा देंगे । वाहन की पार्किंग के किए भी ट्रस्ट द्वारा मंदिर के पास में प्लॉट में अलग से व्यवस्था की गई है ।

# गर्मी में सिंचाई के लिए किसानों को 2.27 मिलियन एकड़ फिट अतिरिक्त पानी मिलेगा

**अहमदाबाद।**

राज्य के किसानों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने ग्रीष्म फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को अतिरिक्त 2.27 मिलियन एकड़ फिट पानी देने का ऐलान किया है। इसके लिए नर्मदा कंट्रोल ऑथोरिटी द्वारा गुजरात को इस वर्ष । एमएएफ के बजाए 11.27 एमएएफ पानी का आवंटन किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सरकार के प्रवक्ता मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि इस वर्ष राज्य के किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त 2.27 मिलियन एकड़ फिट पानी मिलेगा। इसके लिए नर्मदा कंट्रोल ऑथोरिटी ने गुजरात को 9 एमएएफ पानी के बजाए 11.27 मिलियन एकड फिट पानी का आवंटन किया है। नतीजतन इस साल गुजरात के किसानों के हिस्से में अतिरिक्त पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध होगा। प्रवक्ता मंत्री ने कहा कि राज्य के जिन डेमों में समूह योजना हैं, वहां नर्मदा के अतिरिक्त भी पानी दिया जाएगा। परिणामस्वरूप इस वर्ष किसानों को बुवाई में सरलता होगी। राज्य में इस बार गर्मी के दौरान पेयजल के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। ऋषिकेश पटेल ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में फैसला किया है। गुजरात में प्याज उत्पादक किसानों को उनकी फसल के उचित मूल्य मिले इसके लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। इसके लिए



मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में राय सरकार जल्द ही घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि मई महीने में संग्रह किए गए प्याज अक्टूबर-नवंबर में उपयोग हो जाने और महाराष्ट्र-राजस्थान से प्याज बाजार में आने से इसकी कीमत घटती-बढ़ती होने की वजह से किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाते। उन्होंने कहा कि राज्य में प्याज पैदा करने वाले मुख्य जिलों में भावनगर, गिर सोमनाथ, राजकोट, जूनागढ़, सुरेन्द्रनगर और अमरेली शामिल हैं। खरीफ और रवि फसलों के अक्टूबर से फरवरी के दौरान बाजार में अच्छे भाव मिलते होने से हरी प्याज की भी बिक्री होती है।

# सूरत में कंकटाला, साड़ियों की रानी कंकटाला की दो दिवसीय हेन्डलुम प्रदर्शनी का आयोजन करेगी




**सूरत भूमि, सूरत ।** सूरत के डुमस रोड स्थित मैरियट-रूबी हॉल में 6 और 7 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 8 बजे तक साड़ियों की रानी कंकटाला की दो दिवसीय हेन्डलुम प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में हाथ से बुनी साड़ियों का प्रदर्शन और बिक्री होगी। यह ब्रांड 5000 रुपये से लेकर 3 लाख रुपये तक की साड़ियों का प्रदर्शन करेगा।

ब्रांड कांचीपुरम, बनारसी, पैठनी, ऑर्गेंजा, पटोला, जमदानी, कोटा जैसी विभिन्न प्रकार की बुनाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। इसके अलावा, सूरत के साड़ी पारखी भारत के 50 बुनाई समूहों के कंकटाला परिवार द्वारा हाथ से बुनी गई कई उत्कृष्ट साड़ियों का प्रदर्शन करेंगे।

1943 से कंकटला अपने संरक्षकों के लिए सर्वोत्तम बुनाई का उत्पादन करने के लिए लगातार काम कर रहा है और उनके अधिकांश संरक्षकों की तरह उनके बुनकर 3 पीढ़ियों से उनके साथ हैं।

यह प्रदर्शनी भारतीय हथकरघा के लिए 'वन स्टॉप डेस्टिनेशन' बनने जा रही है। इस प्रदर्शनी में प्रदर्शित प्रत्येक साड़ी उस कालातीत कलात्मकता को दर्शाती है जो कारीगरों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक चली आ रही है। और यह विरासत का एक टुकड़ा है जिसे केवल भारतीय हस्तशिल्प का सच्चा पारखी ही सराह सकता है।

इस प्रदर्शनी के बारे में बात करते हुए कंकटाला के प्रबंध निदेशक श्री मल्लिकार्जुन राव ने कहा, हम हर मौसम में भारत के विभिन्न शहरों में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन करते हैं। इस त्योहारी सीजन में हमने शहर के विभिन्न हिस्सों में साड़ी के पारखी लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सूरत में इस दो दिवसीय विशेष प्रदर्शनी और बिक्री के लिए अपनी साड़ियों की रानी, कंकटाला से कुछ बेहतरीन हथकरघा साड़ियों को चुना है।

# उत्तर भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन




**सूरत भूमि, सूरत।**

**डिंडोली सूरत शहर के डिंडोली विस्तार में उत्तर भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है । हमारे संवाददाता को जानकारी देते हुए आयोजक उमेश तिवारी, आयोजक एस पी तिवारी, आयोजक राहुल शुक्ला, आयोजन वीरू भाई ने बताया कि उत्तर भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन डिंडोली के सीआर पाटील रोड मानसी सोसायटी के बगल में किया जा रहा है। जिसमें 12 टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 4 मार्च और 5 मार्च को मैच खेला जाएगा ।**

# मुंबई के डॉक्टरों ने किया सूरत स्तिथ चिकित्सकों के लिए हार्ट फेल्योर और लिवर प्रत्यारोपण पर वार्तालाप का आयोजन

**सूरत।** मुंबई के प्रसिद्ध मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल - डॉ एल एच हीरानंदानी अस्पताल 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सूरत' के सहयोग से सूरत और वापी स्थित चिकित्सकों के हालहीमें वार्तालाप का आयोजन किया. एल एच हीरानंदानी अस्पताल के दो प्रतिष्ठित डॉक्टर डॉ मुकुल कौशिक (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) और डॉ स्वप्निल शर्मा (लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन), इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता थे।

डॉ. मुकुल कौशिक ने हार्ट फेल्योर - रीसेंट एडवांसेस इन मैनेजमेंट एंड डायग्नोसिस विषय पर बोलते हुए कहा "हार्ट फेल्योर के मामलों में इस बीमारी की प्रगति को रोकने के लिए अच्छे प्रारंभिक उपचार की आवश्यकता होती है। कम इजेक्शन अंश के साथ हार्ट की विफलता में चिकित्सा प्रबंधन का अनुकूलन और रोग-संशोधित दवाओं को निर्धारित करने से बहुत मदद मिल सकती है. अंतिम चरण की हृदय विफलता के लिए एलवी असिस्ट डिवाइस और हृदय प्रत्यारोपण का उपयोग करना मुंबई के डॉ एलएच हीरानंदानी अस्पताल में उपलब्ध एक बहुत अच्छा विकल्प है।"



डॉ स्वप्निल शर्मा ने एक अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा उपचार चलिवर ट्रांसप्लांट - रोगी का चयन, चुनौतियां और परिणामज के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि लिवर प्रत्यारोपण के मामलों में रोगी चयन मानदंड कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और लिवर प्रत्यारोपण के बाद के चरण में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एल एच हीरानंदानी अस्पताल की 'कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन' (CME) पहल के तहत आयोजित इस शैक्षिक सत्र की अध्यक्षता सूरत के दो प्रसिद्ध डॉक्टरों - डॉ धवल मंगोकिया (सर्जन) और डॉ राजीव खावर (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) ने की। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. योगेश देसाई (आईएमए-सूरत के अध्यक्ष) और डॉ. विग्नेश शाह (आईएमए-सूरत के सचिव) और डॉ. नेहा पटेल (ऑन्कोलॉजिस्ट) द्वारा किया गया ।

# प्लेटिनम ज्वेलरी के लिए 2022 की चौथी तिमाही मजबूत - रिटेल सेल्स 22 प्रतिशत बढ़ी

## पिछली तिमाही विश्व में फैली अनिश्चितता के बावजूद उपभोक्ता की मांग के चलते सेल्स बढ़ी



अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में भारतीय उपभोक्ताओं के बीच प्लेटिनम की मांग काफी मजबूत रही, जिसके कारण 2022 की चौथी तिमाही में रिटेल सेल्स में 22 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। शादियों और त्योहारों के मौसम के साथ पीजीआई के सामरिक साझेदारों ने प्लेटिनम ज्वेलरी की भारी मांग के साथ सेल में काफी मजबूत वृद्धि बनाए रखी।

भारतीय ग्राहकों के बीच प्लेटिनम ज्वेलरी की मांग के बारे में वैशाली बनर्जी, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्लेटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने कहा, ''आज भारत में युवाओं और बुद्धिमान ग्राहकों के बीच प्लेटिनम ज्वेलरी का एक विशेष स्थान है। यह उनकी उपलब्धियों का प्रदर्शन करने के लिए एक पसंदीदा संकेत के रूप में प्रतिष्ठित हो चुका है। इसकी मांग को समकालीन डिज़ाईन लैंग्वेज़ से बल मिलता है, और आज प्लेटिनम के दुर्लभ एवं शुद्ध होने के कारण ज्यादातर ग्राहक यही चुन रहे हैं। पीजीआई और हमारे रिटेल पार्टनर्स के स्थिर प्रयासों के कारण चौथी तिमाही में वृद्धि काफी तेज रही, क्योंकि विभिन्न अभियानों ने इस मैटल में ग्राहकों का विश्वास स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साल 2023 में पीजीआई के सामरिक दृष्टिकोण, कार्यक्रमों और साझेदारों के निरंतर सहयोग के साथ हम देश में प्लेटिनम ज्वेलरी बाजार की वृद्धि और विस्तार का प्रयास करते रहेंगे।''

दीवाली, खासकर धनतेरस का त्योहार धन और समृद्धि बढ़ने का प्रतीक है, और इस अवसर पर ग्राहक बहुमूल्य मैटल ज्वेलरी, जैसे प्लेटिनम ज्वेलरी खरीदने के लिए आकर्षित हुए। दीवाली के बाद कुछ समय के लिए बाजार में दक्षिण, उत्तर-पूर्व और गुजरात में स्टोर्स पर आने वाले ट्रैफिक में कमी आई और मांग कुछ सुस्त हो गई। लेकिन दिसंबर में मांग फिर से मजबूत होने लगी। यह मजबूती खासकर दक्षिण भारत में और गुजरात में एनआरआई और शादियों के मौसम के कारण देखने को मिली। आर्थिक चुनौतियों के बाद भी इस सेक्टर ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

# मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने वापी में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया, गुजरात में पांचवां

देश में सोने और हीरे के आभूषणों की सबसे बड़ी खुदरा श्रृंखलाओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 25 फरवरी, 2023 को वापी में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया। PWD सर्किट हाउस, स्टेशन रोड पर स्थित इस स्टोर का उद्घाटन गुजरात के वित्त, ऊर्जा और पेट्रोकेमिकल्स के कैबिनेट मंत्री श्री कनुभाई देसाई ने किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती कश्मीरा हेमल शाह - वापी नगर पालिका की माननीय अध्यक्ष, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के क्षेत्रीय प्रमुख (पश्चिम क्षेत्र) - श्री फंजीम अहमद और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। वापी शोरूम मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का गुजरात राज्य में पांचवां शोरूम है।

5500 वर्ग फीट में फैला यह नया स्टोर केवल 7.9त्न से शुरू होने वाले उचित मेकिंग शुल्क के साथ सबसे बड़ी डिजाइन विविधता और आभूषणों के लिए उचित मूल्य प्रदान करता है। स्टोर में ब्राइडल ज्वेलरी, ट्रेडिशनल ज्वेलरी और सोने, हीरे, प्लेटिनम के कीमती जेमस्टोन्स में डेली वियर ज्वैलरी की शानदार रेंज प्रदर्शित की गई है। यह मालाबार गोल्ड और डायमंड्स के लोकप्रिय उप-ब्रांडों जैसे माइन डायमंड ज्वैलरी, एरा अनकट डायमंड ज्वैलरी, डिवाइन इंडियन हेरिटेज ज्वैलरी, एथनिक्स हैंडक्राफ्टेड एंटीक ज्वैलरी कलेक्शन, प्रीसिया प्रेशियस जेमस्टोन ज्वैलरी, जूल लाइफस्टाइल ज्वैलरी, विराज पोल्की ज्वैलरी जैसे चुनिंदा डिजाइन भी प्रदर्शित करता है।

वापी शोरूम विभिन्न समुदायों के ग्राहकों की विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के संग्रह भी प्रदान करता है। शोरूम में हजारों लाइटवेट ज्वैलरी डिजाइन के साथ स्टडेड और प्रीमियम ज्वैलरी का विस्तृत चयन है।

नया स्टोर खोलने पर टिप्पणी करते हुए मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, "वापी में अपना नया स्टोर लॉन्च करते हुए हमें खुशी हो रही है। यह शोरूम गुजरात के साथ हमारे संबंध को और मजबूत करता है। हम राज्य की जनता को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। पारदर्शिता और ग्राहकों का भरोसा हमारे व्यापार दर्शन के दो बुनियादी स्तंभ हैं। हमारी विश्व स्तरीय सेवाओं और ग्राहक-केंद्रित पहलों ने हमें दुनिया भर में सबसे विश्वसनीय भारतीय ज्वैलर्स में से एक बनने में मदद की है। हम वापी के लोगों को उनकी सेवा करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देते हैं।



व्यवसाय प्रथाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जाना जाता है, ब्रांड की विशिष्ट पेशकश जैसे वन इंडिया वन गोल्ड रेट जो पूरे देश में सोने की एक समान दरें प्रदान करता है और उचित मूल्य का वादा जो आभूषणों के लिए उचित मेकिंग चार्ज देने पर ध्यान केंद्रित करता है, ग्राहकों के साथ प्रतिध्वनित हुआ है। दोनों पहलों का उद्देश्य ग्राहकों को पैसे के लिए सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करना है। अपने ग्राहकों के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 10 वादे पेश करता है, मालाबार प्रॉमिस में एक पारदर्शी मूल्य टैग शामिल होता है जो पत्थर के वजन, शुद्ध वजन और आभूषण के पत्थर के चार्ज को दर्शाता है, आभूषण के लिए आजीवन रखरखाव, सोने के लिए 100 प्रतिशत मूल्य का आश्वासन देता है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )